शनिवार, 29 नवम्बर 2025

मौसम

तापमान 18 – 28
आर्द्रता 74%
सूर्योदय: 5:57 सूर्यास्त: 16:51

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष नवमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



दिल्ली की वायु गुणवत्ता नवंबर में 15 दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रही पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : खूबसूरत रिश्ते में शब्द कम विश्वास ज्यादा, दिखावा कम प्रेम ज्यादा होता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# ट्रंप टैरिफ के दबाव के बावजूद दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी रिकॉर्ड 8.2% की रफ्तार से बढ़ी

## भारत सबसे तेज बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बरकरार

### अमेरिकी शुल्क असरहीन, जीएसटी कटौती से बढ़ी खपत

**नयी दिल्ली :** देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में अनुमान से अधिक 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी जो पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उच्च वृद्धि यह दर्शाती है कि अमेरिका की तरफ से लगाए गए 50 प्रतिशत सीमा शुल्क के असर को जीएसटी दर कटौती से खपत बढ़ने की उम्मीद में बढ़े उत्पादन ने निष्प्रभावी कर दिया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़े बताते हैं कि कृषि क्षेत्र की सुस्ती पर विनिर्माण गतिविधियों में तेजी और सेवा क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन भारी पड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक,




दूसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि की 5.6 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। इस साल की अप्रैल-जून तिमाही में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी। जुलाई-सितंबर तिमाही की यह वृद्धि दर पिछली छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। इससे पहले उच्चतम वृद्धि 8.4 प्रतिशत थी, जो वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में दर्ज की गई थी। इस तीव्र वृद्धि ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में बरकरार रखा है। इसी दौरान चीन की अर्थव्यवस्था 4.8 प्रतिशत बढ़ी है। इसके साथ वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में भारत की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है। पिछले साल की समान अवधि में इसकी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पहली छमाही के बेहतर प्रदर्शन के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के वृद्धि लक्ष्य से भी आगे निकल सकती है। जनवरी में पेश आर्थिक समीक्षा में इसके में 6.3-6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र ने पिछली तिमाही में 9.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दिखाई जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 2.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। इस दौरान सेवा क्षेत्र का भी प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। बैंकिंग, रियल एस्टेट और अन्य सेवाओं में 10.2 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जो एक साल पहले 7.2 प्रतिशत थी। हालांकि दूसरी तिमाही में कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। कृषि क्षेत्र का उत्पादन गिरकर 3.5 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.1 प्रतिशत था।

### यह जनता की मेहनत और सुधारों की सफलता का परिणाम: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर लोगों की कड़ी मेहनत और उद्यमशीलता को बताती है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सुधारों को आगे बढ़ाना जारी रखेगी। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में अच्छी वृद्धि के दम पर भारत की आर्थिक वृद्धि दर जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत रही है जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे अधिक है।

## हांगकांग की ऊंची इमारतों में आग लगने से मरने वालों की संख्या 128 हुई, 200 से अधिक लोग लापता

**बीजिंग/हांगकांग :** हांगकांग में सात ऊंची इमारतों में भीषण आग लगने के तीसरे दिन शुक्रवार को अग्निशमन, बचाव और तलाशी अभियान रोक दिया गया लेकिन इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 128 हो गई है तथा 200 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। हांगकांग पुलिस ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि भवनों के समूह में आग कैसे लगी जहां 1,984 अपर्टमेंट में लगभग 4,600 लोग रहते थे। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (एचकेएसएआर) सरकार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे अग्निशमन, बचाव और तलाशी अभियान पूरा हो गया।

# भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अनुभव कर रहा : प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने गोवा में भगवान राम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

**पणजी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अनुभव कर रहा है और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का व्यापक जीर्णोद्धार और उज्जैन में महाकाल महालोक का विस्तार देश की ''चेतना'' को दर्शाते हैं। श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ के 550 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोहों के तहत दक्षिण गोवा में भगवान राम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के बाद मोदी एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गोवा सरकार के अनुसार, यह विश्व में राम की सबसे ऊंची प्रतिमा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज भारत एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अनुभव कर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ धाम का व्यापक जीर्णोद्धार और उज्जैन में महाकाल महालोक का विस्तार, ये सभी देश की नयी चेतना और इसकी आध्यात्मिक विरासत के सशक्त पुनरुत्थान के उदाहरण हैं।'' उन्होंने कहा कि यह पुनर्जागरण भावी पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करेगा। गोवा के इतिहास का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि ऐसे समय भी आए जब गोवा के मंदिरों और स्थानीय परंपराओं को भाषा और सांस्कृतिक पहचान पर दबाव के कारण संकट का सामना करना पड़ा, लेकिन ये परिस्थितियां समाज की आत्मा को कमजोर नहीं कर सकीं, बल्कि उन्होंने इसे और भी दृढ़ बनाया। उन्होंने कहा कि यह गोवा की अनूठी विशेषता है कि इसकी संस्कृति ने हर बदलाव में अपने मूल स्वरूप को बरकरार रखा है और समय के साथ ये पुनर्जीवित भी हुई है। मठ की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 550 वर्षों में इस संस्था ने ''समय के अनगिनत चक्रवातों को सहन किया है।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''युग बदले, कालखंड बदले, देश और समाज में अनेक परिवर्तन हुए, लेकिन बदलते युग और चुनौतियों के बीच भी मठ ने अपनी दिशा नहीं खोई, बल्कि लोगों को दिशा देने वाले केंद्र के रूप में उभरा और यही इसकी सबसे बड़ी पहचान है।'' मोदी ने कहा कि विकसित भारत के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए लोगों के बीच एकता जरूरी है।

## दहेज प्रथा के कारण विवाह एक व्यावसायिक लेन-देन बनकर रह गया है: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायाय ने शुक्रवार को कहा कि विवाह एक पवित्र और महान संस्था है, जो आपसी विश्वास, साहचर्य और सम्मान पर आधारित है, लेकिन दहेज की बुराई के कारण यह पवित्र बंधन दुर्भाग्य से एक व्यावसायिक लेन-देन बनकर रह गया है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि दहेज हत्या केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि समग्र समाज के विरुद्ध अपराध है। पीठ ने कहा, ''यह न्यायालय इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि विवाह, अपने वास्तविक स्वरूप में, आपसी विश्वास, साहचर्य और सम्मान पर आधारित एक पवित्र और महान संस्था है। हालांकि, हाल के दिनों में, यह पवित्र बंधन दुर्भाग्य से एक मात्र व्यावसायिक लेन-देन बनकर रह गया है। दहेज की बुराई को (भले ही) अक्सर उपहार या स्वैच्छिक भेंट के रूप में छिपाने की कोशिश की जाती है, लेकिन वास्तव में यह सामाजिक प्रतिष्ठा प्रदर्शित करने और भौतिक लालच को शांत करने का एक साधन बन गई है।''

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन चार दिसंबर से दो दिन की भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्षिक शिखर वार्ता के लिए चार दिसंबर से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। इस शिखर वार्ता से द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण परिणाम मिलने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने यात्रा की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह भारत-रूस 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को मजबूत करने के लिए दृष्टिकोण स्थापित करेगा। इसमें कहा गया है, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक के लिए चार से पांच दिसंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे।'' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पुतिन का स्वागत करेंगी और उनके सम्मान में भोज आयोजित करेंगी। विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त



बयान में कहा, ''(राष्ट्रपति पुतिन की) आगामी राजकीय यात्रा भारत और रूस के नेतृत्व को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा करने, 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को मजबूत करने के लिए दृष्टिकोण निर्धारित करने और आपसी हित के क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।'' मोदी-पुतिन वार्ता से रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और असैन्य परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के और गहरा होने की उम्मीद है।

## नवान्न में मुख्यमंत्री सोमवार को दो जरूरी बैठकों का करेंगी नेतृत्व

### नवान्न शुभेंदु अधिकारी को भेजा पत्र, बैंठक में शामिल होने से इंकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवान्न में मुख्यमंत्री की नेतृत्व में दो जरूरी बैठक होने वाली हैं। एक राज्य मानवाधिकारी आयोग की और दूसरी लोकायुक्त कमेटी की। और उन दोनों बैठक में, नियमों के मुताबिक, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को पत्री भेजा गया है। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, एक दिसंबर को शाम 4 बजे लोकायुक्त कमेटी की बैठक बुलाई गई है। उसके ठीक 15 मिनट बाद राज्य मानवाधिकारी आयोग की बैठक है। मुख्यमंत्री दोनों बैठक का नेतृत्व करेंगी। इसी तरह, नवान्न ने भी विपक्ष के नेता के ऑफिस को एक आधिकारिक पत्र भेजा है। जब यह जानने की उत्सुकता हुई कि शुभेंदु नवान्न की बैठक में शामिल होंगे या नहीं, तो शुभेंदु ने सीधे कहा कि मैं करप्ट मुख्यमंत्री के साथ किसी भी मीटिंग में नहीं बैठूंगा। साथ ही, उन्होंने भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर हमले का मुद्दा भी उठाया। उनके अनुसार, जिस तरह खगेन मूर्मू को रक्तरंजित किया गया, उसके बाद उन लोगों के साथ फोटो खिंचवाना मुमकिन नहीं है जिनके हाथ भाजपा कार्यकर्ताओं के खून से सने हों और उनके साथ मुस्कुराते हुए फोटो खिंचवाना मुमकिन नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी पुलिस के साथ मिलकर पूरे राज्य में आतंक मचा रही है, और स्पीकर के नेतृत्व में विधानसभा में 'एक पार्टी का राज' कायम हो गया है। ऐसे में सरकारी बैठक में जाना उनके लिए बेकार है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा की हालत बहुत खराब है। उस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों को दिखाने के लिए की जाने वाली ये बैठक असल में दिखावा के अलावा कुछ नहीं हैं।

भारत शांति में विश्वास करता हैं लेकिन संप्रभुता और सुरक्षा से समझौता नहीं करताः राजनाथ
पृष्ठ 7

### भारत ने एमएच60आर हेलीकॉप्टर बेड़े के लिए अमेरिका के साथ 7,995 करोड़ रुपये का सौदा किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने नौसेना के 24 'सीहॉक' हेलीकॉप्टर बेड़े की खातिर पांच वर्ष के लिए सतत समर्थन के उद्देश्य से अमेरिका के साथ 7,995 करोड़ रुपये का सौदा किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत का शुल्क लगाये जाने के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव के बीच इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने एमएच60आर हेलीकॉप्टर बेड़े के संबंध में अमेरिका के साथ लगभग 7,995 करोड़ रुपये के प्रस्ताव व स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। लॉकहीड मार्टिन कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित ये हेलीकॉप्टर सभी मौसम में उपयोग में लाये जाते हैं।

### भारत पहली बार लाल किले में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत पर बैठक की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत पहली बार यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर होने वाली बैठक की मेजबानी करने जा रहा है, जिसके लिए तैयारियां जारी हैं। यह बैठक आठ से 13 दिसंबर तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में आयोजित की जाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस आयोजन के मद्देनजर लाल किला परिसर पांच से 14 दिसंबर तक बंद रहेगा। मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा निर्मित लाल किला यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है और एक केंद्रीय संरक्षित स्मारक भी है।






## सरकारी प्रयासों व जागरूकता में लाएं तेजी

ब्राजील के बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब अस्सी हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य शृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध-अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है। दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है।

दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार-बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। देश वनों का दायरा को भी बढ़ाने की जरूरत है। विकास देश की प्राथमिकता है, लेकिन यह विकास वनों के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। साथ ही इस दिशा में जो भी कदम उठाये जाएं उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इस बात का लगातार मूल्यांकन भी जरूरी है। साथ ही रीति-नीतियों को प्रभावी तरीकों से अमलीजामा पहनाने की जरूरत होगी। जिसके लिये लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाइयों ग्राम पंचायत से लेकर शहरी निकायों को भी शामिल करने की जरूरत होगी। दरअसल, जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट केवल भारत की ही चुनौती नहीं है। यह एक वैश्विक संकट है। जो इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने पूरी दुनिया में आठ लाख से अधिक लोगों को असमय काल का ग्रास बनाया है। लेकिन इस संकट की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी सबसे बड़ी कीमत वे विकासशील व गरीब देश चुका रहे हैं, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका रही है। दुर्भाग्य से विकासशील देश जहां इन संकटों की दृष्टि से जहां ज्यादा संवेनशील हैं, वहीं इससे मुकाबले के लिये उनके संसाधन सीमित हैं। उनके प्रतिरोध की क्षमता सीमित है। जिन्हें तत्काल व्यापक वित्तीय सहायता की जरूरत है। ऐसे में विकसित देशों का नैतिक दायित्व बनता है कि उनका सहयोग सिर्फ विकासशील देशों को वित्तीय व तकनीकी सहयोग तक सीमित न रहे। साथ ही वे अपने कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाएं।

# भारत का खेल उदय : CWG 2030 से ओलंपिक महत्वाकांक्षा तक, वैश्विक प्रतिष्ठा के नए युग की ओर



डॉ. मनसुख मांडविया

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने 26 नवम्बर, 2025 को औपचारिक तौर पर भारत को राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का मेज़बान घोषित किया, जो देश की खेल यात्रा में एक अहम पल है। यह सिर्फ़ एक बड़ी मेज़बानी का अधिकार नहीं है, यह दुनिया भर में एक पहचान है कि भारत बड़े अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों के लिए सबसे भरोसेमंद और पसंदीदा मेज़बानों में से एक बन गया है, और एक ऐसा देश है जो ओलंपिक खेलों की मेज़बानी करने के अपने लंबे स्वप्न की ओर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय खेल समुदाय के लिए, यह घोषणा एक ऐसे यथार्थ की पुष्टि करती है जो पिछले एक दशक से लगातार आकार ले रहा है। भारत को अब बड़े पैमाने पर एक भरोसेमंद, ज़्यादा क्षमता वाला और एथलीट-केंद्रित मेज़बान माना जाता है, जो बड़े पैमाने, कुशलता और गर्मजोशी के साथ वैश्विक मानकों के अनुरूप आयोजन करता है। इस पहचान को दुनिया भर के खेल अग्रणियों ने लगातार माना है। अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अपने दौरे के दौरान, पैरा-स्पोर्ट में भारत की आयोजनात्मक उत्कृष्टता और तीव्र प्रगति की तारीफ़ की। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई जाने-माने खिलाड़ियों ने भी भारत की सुविधाओं, चिकित्सा सहायता, प्रतियोगिता प्रबंधन और सम्पूर्ण एथलीट अनुभव की तारीफ़ की।

इसी तरह, विश्व बॉक्सिंग अध्यक्ष ने वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फ़ाइनल में शामिल होने के लिए हाल ही में भारत के अपने दौरे के दौरान, देश को विश्व बॉक्सिंग का एक स्तम्भ बताया, और भारत की व्यवसायिकता और मेज़बानी की क्षमता की तारीफ़ की। ये अंतर्राष्ट्रीय समर्थन एक बहुत बड़ी भावना को पुष्ट करते हैं। भारत एक ऐसे स्तर पर पहुँच गया है जहाँ वैश्विक खेल समुदाय उसे सबसे ज़्यादा महत्व वाले आयोजनों के लिए सक्षम देश मानती है।

यह विश्वास पिछले एक दशक में मोदी सरकार के अधीन खेल क्षेत्र और अर्थव्यवस्था दोनों में लगातार बदलाव का नतीजा है। भारत की मैक्रोइकोनॉमिक स्थिरता, बढ़ती वैश्विक आर्थिक रैंकिंग और मज़बूत राजकोषीय स्तिथि ने देश के इतिहास में खेलों में इतने बड़े पैमाने पर निवेश को मुमकिन बनाया है। 2013-14 में युवा कार्य और खेल मंत्रालय का कुल आवंटन 1,093 करोड़ था। 2025-26 में यह बढ़कर 3,794 करोड़ हो गया है, जो मात्र एक दशक में लगभग 250 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इस निवेश में आई भारी वृद्धि ने देशभर में एक व्यापक खेल पुनर्जागरण को गति दी है। खेलो इंडिया और अस्मिता महिला लीग जैसी पहलों के माध्यम से जमीनी स्तर पर खेल विकास राज्यों में व्यापक रूप से फैल चुका है, जिनके साथ 1,050+ से अधिक खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना की गई है जो ज़िला स्तर पर कोचिंग, खेल-सुविधाएँ और संसाधन उपलब्ध कराते हैं।

साथ ही, भारत ने टार्गेट अलिम्पिक पोडीयम स्कीम (ढजझड) और एक नई स्कीम टार्गेट एशियन गेम्ज़ ग्रूप (ढ-ऋग्ख्) के माध्यम से एक मजबूत उच्च-प्रदर्शन मार्ग विकसित किया है, जो एथलीटों को शीर्ष स्तरीय प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, पोषण और वैश्विक एक्सपोज़र प्रदान करता है।

देश में खेल अवसंरचना अभूतपूर्व गति से बढ़ी है। 350 से अधिक प्रमुख खेल परिसरों का निर्माण देशभर में पूरा किया जा चुका है या प्रगति पर है, जिससे एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हुआ है जो विश्व-स्तरीय प्रतियोगिताओं को समर्थन देने में सक्षम है। यह अवसंरचना निर्माण केवल आयोजन-विशिष्ट नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक एथलीट विकास के लिए टिकाऊ, बहुउद्देशीय और भविष्य की खेल आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है।

भारत की मेज़बानी की क्षमता भी इसके रिकॉर्ड से स्पष्ट होती है। पिछले दशक में भारत ने 20+ शहरों में 22 अंतरराष्ट्रीय खलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है-जिसमें हॉकी विश्व कप, चेस ओलिंपियाड, ऋख्ऋ-ण-17 विश्व कप, वर्ल्ड पैरा ऐथ्लेटिक्स चैम्पीयन्शिप्स, तथा खउउ पुरुष व महिला क्रिकेट विश्व कप शामिल हैं। हर आयोजन ने भारत की उस प्रतिष्ठा को मजबूती दी है कि वह उत्कृष्टता, व्यापक पैमाने, सुरक्षा, व्यवसायिकता और सांस्कृतिक गर्मजोशी के साथ विश्व-स्तरीय आयोजन करता है।

2029 में विश्व पुलिस और फ़ायर खेलों की मेजबानी भारत की बहु-खेल आयोजन क्षमता को और सुदृढ़ करेगी, जो उथऋ 2030 से पहले एक महत्वपूर्ण तैयारी होगी।

इस व्यापक परिवर्तन के केंद्र में हैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, जिन्होंने खेल को राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में स्थापित किया है और उसे विकसित भारत 2047 के बड़े विज़न से जोड़ा है। खेलो भारत नीति और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 जैसे नीतिगत सुधारों ने खेल प्रशासन को आधुनिक बनाया है, पारदर्शिता बढ़ाई है और एथलीट-प्रथम शासन मॉडल को लागू किया है, जो वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप है। इन सुधारों ने भारत की विश्व खेल संगठनों के समक्ष विश्वसनीयता बढ़ाई है और उसे वैश्विक खेल प्रणाली में एक सक्रिय, उत्तरदायी और मजबूत साझेदार के रूप में स्थापित किया है।

2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का भारत को मिलना कोई एकल घटना या एक सुधार का परिणाम नहीं है। यह अवसंरचना, एथलीट विकास, जमीनी भागीदारी, खेल प्रशासन सुधार और खेल वित्तीय पारिस्थितिकी के सुदृढ़ीकरण में वर्षों से किए जा रहे सतत निवेश का परिणाम है। यह मोदी सरकार की दशक भर की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसने देश में ऐसे खेल तंत्र, संस्थान और क्षमताएँ विकसित कीं जो आज भारत को विश्व की सर्वाधिक संभावनाशील और अनुकूल खेल राष्ट्रों में सम्मिलित करती हैं।

भारत अब पहचान बनाने की तैयारी नहीं कर रहा, भारत की पहचान बन चुकी है। पिछले दशक में देश सीमित अवसंरचना और छिटपुट प्रदर्शन से बढ़कर अब वैश्विक मान्यता प्राप्त कर चुका है, विश्व-स्तरीय सुविधाएँ, सतत अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन और एक संरचित खेल पारिस्थितिकी जो देश के हर क्षेत्र को जोड़ती है।राष्ट्रमंडल खेल 2030 की घोषणा वह क्षण है जब दुनिया ने आधिकारिक रूप से इस परिवर्तन को स्वीकार किया है।

भारत आज आर्थिक रूप से, संस्थागत रूप से और खेल कौशल के स्तर पर विश्व मंच पर एक प्रमुख खेल राष्ट्र के रूप में स्थान बनाने के लिए तैयार है।

**-लेखक केंद्रीय युवा कार्य व खेल और श्रम व रोज़गार मंत्री हैं**

# नए श्रम कानूनों से बदलेगी तस्वीर



रोहित माहेश्वरी

सालों से इंतजार किए जा रहे चार नए श्रम कानूनों को बीती 21 नवंबर को लागू कर दिया गया है, जिसके तहत कई बड़े बदला हुए हैं। इन चार संहिताओं में 'कोड ऑन वेजेज 2019', 'इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2020', 'कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी 2020' और 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020' शामिल हैं। 29 श्रम कानूनों को खत्म करके चार नए कानून पेश किए गए हैं, जो सभी तरह के कर्मचारियों को कवर करते हैं। इस कानून के तहत सैलरी, अनिवार्य नियुक्ति पत्र, सामाजिक सुरक्षा, ग्रेच्युटी और समान काम की समान सैलरी आदि जैसे बदलाव हुए हैं।

इसमें दो राय नहीं कि नए श्रम कानून लागू करना देश के श्रम परिदृश्य में एक नये दौर में प्रवेश करने जैसा है। केंद्र सरकार ने चारों श्रम कानून मसलन वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य स्थितियों को अधिसूचित किया है। दावा किया जा रहा है कि इससे अनुपालन सरल बनेगा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा और ये कदम श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूती देगा। केंद्र सरकार की इस कदम से कर्मचारियों को समय पर वेतन, औपचारिक नियुक्ति पत्र देने, न्यूनतम वेतन की गारंटी और वार्षिक स्वास्थ्य जांच का वायदा किया गया है।

नए कानूनों के तहत कर्मचारियों को समय पर सैलरी दी जाएगी। देशभर में मिनिमम सैलरी का दायरा बढ़ेगा यानी कि बाकी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी इसके अंतर्गत लाया जाएगा, ताकि कोई भी सैलरी इतना कम नहीं हो कि कर्मचारियों का जीवन-यापन कठिन हो। नए कानून के तहत अब ग्रेच्युटी पाने के लिए 5 साल का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि 1 साल की सर्विस पर ही ग्रेच्युटी दी जाएगी। यह ग्रेच्युटी फिक्स्ड-टर्म कर्मचारी और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को भी मिलेगी। इन कर्मचारियों को स्थायी कर्मचारियों के बराबर ही सभी फायदे जैसे छुट्टी, चिकित्सा और सामाजिक सुरक्षा भी दी जाएंगी।

नए कानून के तहत एक और बड़ा बदलाव यह है कि सभी संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देने का किया गया है। इसके अलावा गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स ओर एग्रीगेटर्स को इन कानूनों के तहत पहली बार डिफाइन किया गया है। इन्हें भी आधार-लिंक्ड यूनिवर्सल अकाउंट नंबर से वेलफेयर बेनिफिट्स दिया जाएगा, जिसमें पीएफ से लेकर पेंशन तक का लाभ शामिल होगा। 40 साल से ज्यादा उम्र के कर्मचारियों को सालाना फ्री हेल्थ चेकअप दिया जाएगा। केंद्र सरकार मजदूरों की बेहतर सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय मानदंड बनाएगी।

नए कानूनों के तहत महिलाएं सभी जगहों पर काम कर सकती हैं, जिसमें अंडरग्राउंड माइनिंग, भारी मशीनरी और खतरनाक काम शामिल हैं, जिससे सभी के लिए रोजगार के समान अवसर सुनिश्चित होंगे। हर साइट पर ऑन-साइट सेफ्टी मॉनिटरिंग के लिए जरूरी सेफ्टी कमेटी और खतरनाक रसायनों की सुरक्षित हैंडलिंग पक्का करना है। वहीं फिक्स्ड-टर्म एम्प्लॉई (एफटीई) से रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी और सामाजिक सुरक्षा, स्थायी कर्मचारी के बराबर फायदे जैसे कानूनी सुरक्षा पक्की होगी। कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को समाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा मिलेगी।

महिला-पुरूष भेदभाव कानूनी तौर पर नकार दिया गया है। महिला हो या पुरुष समान काम के लिए समान वेतन मिलेगा। महिलाओं को नाइट शिफ्ट में भी काम करने का अधिकार होगा। सभी कामगारों के लिए मिनिमम सैलरी की गारंटी होगी। सभी तरह के कर्मचारियों को ऑफर लेटर देना होगा, जिससे सामाजिक सुरक्षा, रोजगार विवरण और औपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। छुट्टी के दौरान मजदूरी देना अनिवार्य किया गया है। मजदूरों को केंद्र सरकार की ओर से तय की गई फ्लोर वेज के हिसाब से वेतन दिया जाएगा।

सभी प्रवासी कामगारों (डायरेक्ट, कॉन्ट्रैक्टर-बेस्ड और खुद माइग्रेटेड) को बराबर वेतन, वेलफेयर बेनिफिट और पीडीएस पोर्टेबिलिटी का लाभ दिया जाएगा। कामगार 3 साल तक लंबित बकाय के निपटारे के लिए दावा कर सकते हैं। सभी डॉक वर्कर्स के लिए प्रोविडेंट फंड, पेंशन और बीमा के लाभ तय कर दिया गया है, चाहे कॉन्ट्रैक्ट वर्कर हैं या अस्थायी कर्मचारी।

जानकारों के मुताबिक नए लेबर कोड्स 'कोड ऑन वेजेज' और 'सोशल सिक्योरिटी' के तहत 'वेजेज' (सैलरी) की परिभाषा को एक जैसा बनाते हैं। इससे ग्रेच्युटी और प्रोविडेंट फंड बेहतर होगा, लेकिन अगर कंपनियां खर्च कम करने के लिए अलाउंस घटाती हैं, तो हाथ में आने वाली सैलरी कम हो सकती है। श्रम क्षेत्र के जानकारों के अनुसार, अब 'वेजेज' में बेसिक पे, डियरनेस अलाउंस यानी डीए और रिटेनिंग अलाउंस यानी आरए शामिल होंगे। कुल कमाई का 50 प्रतिशत (या सरकार द्वारा तय की गई कोई और प्रतिशत राशि) 'वेजेज' में जोड़ा जाएगा। इससे ग्रेच्युटी, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा लाभों की गणना में एकरूपता आएगी।

पहले कंपनियां बेसिक सैलरी कम रखकर बाकी पैसा अलग-अलग भत्तों के रूप में दे देती थीं। इससे पीएफ और ग्रेच्युटी में उनका योगदान कम होता था। लेकिन अब सरकार ने नियम बना दिया है कि आपकी कुल सैलरी यानी सीटीसी का कम से कम आधा हिस्सा बेसिक सैलरी होना चाहिए। इससे आपकी रिटायरमेंट सेविंग्स तो बढ़ेंगी, लेकिन हर महीने हाथ में आने वाले पैसे थोड़े कम हो सकते हैं। यह एक तरह से आपकी भविष्य की सुरक्षा के लिए अच्छा कदम है, भले ही अभी थोड़ा जेब पर भारी पड़े।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि श्रम सुधारों के कई प्रावधान, लंबे समय से अपेक्षित प्रगति का संकेत देते हैं। सभी क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन का सार्वभौमिक वैधानिक अधिकार, अनिवार्य लिखित नौकरी अनुबंध, निश्चित अवधि के कर्मचारियों के लिये बेहतर ग्रेच्युटी तक पहुंच और स्वास्थ्य व सुरक्षा पर स्पष्ट मानदंड, औपचारिक प्रावधानों और पारदर्शिता की दिशा में बदलाव को रेखांकित करते हैं। निश्चित रूप से सामाजिक-सुरक्षा ढांचे के भीतर गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को मान्यता देना शायद सबसे बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन माना जा सकता है। सही मायनों में यह बदलाव लंबे से समय से वैधानिक दायरे से बाहर रह रहे एक बड़े वर्ग को मान्यता प्रदान करता है। निश्चय ही, ये देश के लाखों कामगारों को सुरक्षा कवच प्रदान करेगा।

वहीं दूसरी ओर ये कानून महिला श्रमिकों के लिये भी रोजगार की समान परिस्थितियां अनिवार्य बनाती हैं। इस प्रयास से महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी का दायरा बढ़ेगा। हालांकि, इन प्रयासों से जुड़ी कुछ जरूरी चेतावनियां भी सामने आ रही हैं। उदाहरण के लिये औद्योगिक संबंध संहिता, छंटनी और संस्थान को बंद करने के लिये सरकारी मंजूरी की सीमा को सौ कामगारों से बढ़ाकर तीन सौ कर देती है। इन नई श्रम संहिताओं के लागू होने पर उद्योग जगत जहां इस बदलाव को लचीला बताकर स्वागत कर रहा है, वहीं श्रम संगठनों को चिंता है कि इससे रोजगार की सुरक्षा कम होगी। ऐसी ही कई आशंकाओं को लेकर देश की कई केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। उनका तर्क है कि नई व्यवस्था कामगारों के सामूहिक दबाव से बातचीत की गुंजाइश को कमजोर करती है। साथ ही सत्ता का झुकाव नियोक्ताओं की ओर नजर आता है।

वहीं दूसरी ओर नये प्रावधानों का क्रियान्वयन राज्यों पर निर्भर करेगा। जिन्हें इसके बाबत पूरक नियम बनाने होंगे। राज्यों द्वारा असमान रूप से प्रावधान अपनाने से एकीकृत रूप से राष्ट्रीय व्यवस्था के निर्माण में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर इन संहिताओं की सफलता प्रवर्तन की ईमानदारी पर निर्भर करेगी। यह प्रयास तभी प्रभावी होगा जब कार्य परिस्थितियों का पारदर्शी निरीक्षण, सकारात्मक परिणाम देने वाले शिकायत तंत्र और अनौपचारिक कार्यबल तक सही मायने में पहुंचने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाएं सिरे चढ़ सकेंगी। निस्संदेह, देश ने अपनी श्रम नियमावली को फिर से लिखा है। लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। अगर नए कानून जमीन पर उतरने में सफल रहे तो श्रमिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।

-स्वतंत्र पत्रकार

## विदेश की खबरें

### कनाडा के ब्रैम्पटन में भीषण आग में भारतीयों सहित पांच लोगों की मौत

**ओटावा :** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के ब्रैम्पटन में भीषण आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। भारतीय मिशन ने कहा कि उसने प्रभावित परिवार से संपर्क किया है तथा उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ब्रैम्पटन में हुई विनाशकारी आग की घटना में भारतीय नागरिकों की मौत से हम बहुत दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।'

### 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत 'बेहद गंभीर': आलमगीर

**ढाका :** 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) की अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की सेहत 'बेहद गंभीर' है। उनके एक करीबी सहयोगी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खालिदा जिया (80) के सीने में संक्रमण के कारण हृदय और फेफड़े दोनों प्रभावित होने पर उन्हें रविवार की रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर के हवाले से कहा, 'कल रात चिकित्सकों ने बताया कि उनकी (खालिदा जिया की) शारीरिक स्थिति बेहद गंभीर है।'

### इजराइली सेना की गोलीबारी में 13 लोगों की मौत: स्थानीय निवासी

**दमिश्क :** इजराइली सेना ने दक्षिणी सीरिया के एक गांव में छापेमारी की और इस दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा प्रतिरोध किये जाने पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया और अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना ऐसे समय हुई जब इजराइल कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है और गाजा में अस्थिर संघर्षविराम जारी है। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह हमला 'एक भयानक नरसंहार' था और मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। सीरियाई सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' के मुताबिक, इजराइली सेना बेत जिन गांव में घुसकर स्थानीय लोगों को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही थी और प्रतिरोध जताये जाने के बाद भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

### पाकिस्तान ने सिंध प्रांत के बारे में राजनाथ सिंह की टिप्पणी की एक बार फिर आलोचना की

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सिंध प्रांत के भारत का हिस्सा बनने संबंधी टिप्पणी की शुक्रवार को एक बार फिर आलोचना की और कहा कि सिंह की टिप्पणी 'बेहद परेशान करने वाली' है। रविवार को नयी दिल्ली में सिंधी समुदाय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, सिंह ने कहा था कि 'सीमाएं बदल सकती हैं और कल सिंध भारत में वापस आ सकता है।' पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि भारतीय रक्षा मंत्री का बयान 'बेहद परेशान करने वाला' है।

### भारत ने श्रीलंका को बाढ़ राहत भेजी

**कोलंबो :** भारत ने चक्रवात डिटवा के कारण बिगड़ते मौसम के बीच श्रीलंका को तत्काल बाढ़ राहत सहायता भेजी है। भारतीय मिशन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि नयी दिल्ली ने श्रीलंका को अब तक 4.5 टन सूखा राशन और दो टन ताजा राशन उपलब्ध कराया है, जिसमें मुख्य खाद्य पदार्थ, डेरी और बेकरी उत्पाद, पेय पदार्थ और अन्य पोषण संबंधी आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। उच्चायोग के मुताबिक अतिरिक्त जीवन रक्षक सामग्री श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दी गई है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 नवम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष नवमी, 23:09 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 26:10 तक, योग : हरषाना, 09:19 तक, सूर्योदय: 05:57, सूर्यास्त: 16:51, चन्द्रोदय : 12:30, चन्द्रास्त: 24:45, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 08:43 से 10:04

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। आज परिवार से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। मधुर वाणी से संबंधों में मधुरता आएगी।

**वृष :** आज का दिन वृषभ राशि वालों का बहुत व्यस्त रहने वाला है। ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें, पांव में चोट लगने का भय है। किसी मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को आज फिजूल के खर्चों से बचना चाहिए। यदि किसी शारीरिक रोग से पीड़ित हैं तो कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में व्यवधान उपस्थित होगा।

**कर्क :** भाग्य की दृष्टि से आज का दिन कर्क राशि के जातकों को लिए उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित फल कारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आज के दिन मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**कन्या :** आज आप में निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का सुख सहयोग यथेष्ठ रूप से प्राप्त होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए शुभ कारक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। गुरु के प्रति भक्ति भाव व निष्ठा रखें।

**वृश्चिक :** आपका मन अशान्त एवं परेशान रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे।

**धनु :** आज आपकी विद्या, ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अन्दर दान पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे।

**मकर :** आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने पारिवारिक जनों से विश्वासघात होने की संभावना है।

**मीन :** आज पंचम भाव में कर्क राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से सम्बन्धित किसी विवाद का हल निकल आएगा। परिजनों से हास्य विनोद रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3277



*बायें से दायें:-* 1) दीपाराधना, 3) गपरसिया, 6) संपूर्णतः, 8) राणा प्रताप का घोड़ा, 9) दृश्यावली, 10) राजप्रासाद, 12) अर्जुन, 13) अनुमानित, 15) सलोना, 17) नगाड़ा, 18) कैफ़, 19) दाहिनी तरफ़, 20) चौकीदार, 23) ध्यानपूर्वक, 26) जरूरत, 28) निकट ही, 29) नाख़ुशी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) तुरंत, 2) तृतीय, 3) एक संख्या, 4) तले, 5) अपाहिज, 7) शक्तिशाली, 11) चुनौती, 12) पनडब्बा, 14) गेरुआ, 16) डंड़े में चीथड़ा लपेटकर बनाई गई मोटी बत्ती, 21) बुरा लगना, 22) सहारा *(बूढ़ों का)*, 24) विष, 25) बस इतना, 26) अग्नि, 27) सितारा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | ग़ | ल | ख़ो | री | ■ | अ | ज | मे | र |
| ■ | ■ | ड़ | ■ | म | ह | क | ■ | म | ति |
| ना | र | की | य | ■ | म | स | ल | ना | ■ |
| दा | ■ | ■ | मु | न्ना | ■ | र | वा | ■ | अ |
| न | ज़ | रा | ना | ■ | ठी | ■ | जि | ज्ञा | सा |
| ■ | ना | म | ■ | मु | क | द | मा | ■ | मा |
| हि | ना | ■ | बा | बा | ■ | श | ■ | अ | न्य |
| म्म | ■ | अ | स | र | दा | र | ■ | ल्ला | ■ |
| त | ग | ड़ा | ■ | क | ■ | थ | री | ह | ट |

## सुडोकू-पहेली-3235

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | 7 | | |
| | | 5 | | 4 | | | | 3 |
| | | | 1 | 8 | 5 | | | |
| 9 | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 7 | | | | | | 2 | 9 |
| | | | | | 1 | | 8 | 7 |
| 4 | | | 8 | | | | 3 | |
| | 6 | | 9 | | 2 | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3234 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 4 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 |

# एसएससी विवाद : 2016 के पीड़ित उम्मीदवारों के साथ फिर भेदभाव?

## योग्यता तय करने को लेकर हाई कोर्ट ने उठाए सवाल

**कोलकाता :** 2025 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के लिए स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) द्वारा लागू किए गए नए नियमों को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में पिछली बार वंचित रहने वाले कई उम्मीदवारों का आरोप है कि यह नियम पूरी तरह पक्षपातपूर्ण और अन्यायपूर्ण है। इस मुद्दे पर शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, जहां न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने खुले तौर पर सवाल उठाया–योग्य और अयोग्य का पैमाना आखिर एसएससी ने कैसे तय किया?



मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद हाईकोर्ट में ही चल रही है। शुक्रवार की सुनवाई 2025 भर्ती नियमावली में अनुभव के आधार पर 10 अतिरिक्त अंक देने के फैसले को चुनौती देने वाले मामले से संबंधित थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील विकासरंजन भट्टाचार्य और फिरदौस शमीम ने तर्क दिया कि एसएससी ने अचानक नए नियम लागू कर दिए, जो पहले कभी नहीं थे। उनके मुताबिक, इन नियमों से कई योग्य उम्मीदवार फिर से बाहर हो रहे हैं और यह पूरा प्रावधान मनमाना और अस्वीकार्य है।

याचिकाकर्ताओं का दावा है कि 2016 की भर्ती घोटाले में जो उम्मीदवार गलत तरीके से चयनित हुए थे और जिन पर अनियमितता के आरोप लगे थे, अब वही उम्मीदवार नए नियमों के तहत अनुभव के आधार पर अतिरिक्त अंक पाकर फिर लाभ उठा रहे हैं। जबकि 2016 घोटाले में पीड़ित योग्य उम्मीदवारों को उस समय अनुभव हासिल करने का मौका ही नहीं मिला था। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया–अयोग्य और आरोपित उम्मीदवारों को फायदा मिल रहा है, जबकि योग्य उम्मीदवारों को फिर नजरअंदाज किया जा रहा है। यह नियम ही असमानता पैदा कर रहा है।

याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से आदेश दिया था कि जिन उम्मीदवारों के खिलाफ अनियमितता के आरोप हैं, उन्हें किसी भी स्थिति में नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। यहां तक कि दिव्यांग उम्मीदवार को भी इस नियम में छूट नहीं दी जाएगी। लेकिन एसएससी ने न तो योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की, न ही इस नियम का सही पालन किया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता जनरल किशोर दत्ता ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता 2025 के नियमों की गलत व्याख्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप ही बनाया गया है।

लेकिन अदालत राज्य की दलीलों से संतुष्ट नहीं हुई। न्यायमूर्ति सिन्हा ने टिप्पणी की, नए नियमों में कई उम्मीदवार प्रभावित हुए हैं। उम्र सीमा में छूट किन्हें दी जाएगी? किस मानक पर योग्यता तय की गई? सब कुछ स्पष्ट होना चाहिए।

याचिकाकर्ताओं की मांग है कि 29 और 30 मई को प्रकाशित भर्ती विज्ञापन को तत्काल रद्द किया जाए, और योग्य तथा आरोपित उम्मीदवारों की पूरी सूची सार्वजनिक की जाए। उनका यह भी आरोप है कि ओएमआर मूल्यांकन में भी अदालत के निर्देश के अनुसार किसी स्वतंत्र संस्था को नहीं सौंपा गया।

हालांकि शुक्रवार को अदालत ने कोई आदेश जारी नहीं किया। अब राज्य सरकार और एसएससी को सोमवार को अपना विस्तृत पक्ष रखना होगा। तभी स्पष्ट होगा कि 2025 भर्ती नियमावली जारी रहेगी या इसे रद्द कर नई प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

## एआई से बनाई अश्लील तस्वीरें, सोनारपुर में माध्यमिक छात्रा ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा**

दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर थाना इलाके में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके न्यूड तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल करने के अपमान में एक माध्यमिक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। सोनारपुर थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वे पता लगा रहे हैं कि इस घटना में कौन शामिल है। परिवार का आरोप है कि इस घटना में पड़ोस का एक युवक शामिल है। परिवार ने युवक को सख्त सजा देने की मांग की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, परिवार की शिकायत की भी जांच की जा रही है।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, लड़की सोनारपुर में अपने मामा के घर रहती थी। परिवार का आरोप है कि एक स्थानीय युवक लड़की को हमेशा परेशान करता था। शादीशुदा होने के बाद भी युवक कई बार ऐसा करता था। इतना ही नहीं, परिवार का दावा है कि उसकी कई तस्वीरें इकट्ठा की गईं और एआई का इस्तेमाल करके न्यूड तस्वीरें बनाई गईं और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। आरोप है कि इस घटना में युवक के परिवार वाले भी शामिल हैं। गुरुवार की रात को घर से उसकी लटकती हुई लाश मिली। पुलिस को तुरत सूचित किया गया। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का शुरुआती अंदाज़ा है कि उसने मेंटल डिप्रेशन की वजह से यह आखिरी फैसला लिया।

## हावड़ा मंडल में रखरखाव कार्य के चलते 30 नवंबर को कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल में इंजीनियरिंग, ओवरहेड उपकरण और सिग्नल रखरखाव कार्य के कारण 30 नवंबर को ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके चलते कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किए गए हैं। इसके तहत, हावड़ा से चलने वाली 37055, 37249, 37363 और 36823 ट्रेनें, बंडेल से 37246, वर्दवान से 36834, शेवड़ाफुली से 37056 और आरामबाग से 37364 तथा 37396 ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसके अलावा, 37365 हावड़ा-आरामबाग लोकल ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेट कर तारकेश्वर स्टेशन पर ही समाप्त किया जाएगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा की योजना बनाते समय इन परिवर्तनों का ध्यान रखें और अधिक जानकारी के लिए संबंधित स्टेशन या रेलवे हेल्पलाइन से संपर्क करें।

## उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद ने 11वीं के लिए सेमेस्टर फीस की तय

### अतिरिक्त लेने पर कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा**

सेमेस्टर के नाम पर अतिरिक्त फीस जैसे गड़बड़ी पर लगाम कसने के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद ने स्कूलों को सख्त निर्देश दिया है। साथ ही, उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद ने कक्षा 11वीं के लिए सेमेस्टर फीस तय कर दी है। पर्षद ने साफ कर दिया है कि स्कूल कक्षा 11वीं से हर सेमेस्टर में कितने पैसे ले सकते हैं। कहा गया है कि यह निर्देश हर स्कूल में बराबरी लाने के लिए किया गया है।

उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद के सूत्रों के मुताबिक, अभी तक उच्च माध्यमिक स्तर पर सेमेस्टर फीस कितनी होगी, इसकी कोई तय लिमिट नहीं थी। इस वजह से शिकायतें मिल रही थीं कि हर स्कूल अलग-अलग पैसे ले रहा है। कई शिकायतों के बाद, उच्च माध्यमिक शिक्षा पर्षद ने स्कूलों को सख्त निर्देश दिए हैं। यही निर्देश हर जिले के स्कूलों को भी दिए गए हैं।

पर्षद ने कहा है कि अगर स्कूल द्वारा तय सेमेस्टर फीस से ज़्यादा पैसे लेते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा पर्षद ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है कि अब हर स्कूल परीक्षा फीस के तौर पर 70 रुपये से ज़्यादा नहीं ले पाएगा। साथ ही, स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि इस पैसे का इस्तेमाल सिर्फ तय मकसद के लिए ही किया जाए, कहीं और नहीं।

## दत्ताबाद में स्वर्ण व्यवसायी की हत्या मामले में एक और गिरफ्तारी

### असम-बांग्लादेश बॉर्डर पर बॉक्सिरहाट इलाके से आरोपी को दबोचा गया

**कूचबिहार :** सॉल्टलेक के दत्ताबाद में स्वर्ण व्यवसायी स्वपन कामिल्या की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। असम के गुवाहाटी से पकड़े गए आरोपित का नाम गोविंद सरकार है। शुक्रवार को उसे तूफानगंज महकुमा दायरा अदालत में पेश किया गया जहां से उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस विधाननगर के लिए रवाना हो रही है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से शुक्रवार की दोपहर जारी बयान में बताया गया है कि स्वपन कामिल्या की हत्या के समय गोविंद मौके पर मौजूद था। गोविंद, कूचबिहार के तृणमूल कांग्रेस के नेता सजल सरकार का गाड़ी चालक था और स्थानीय सूत्रों का कहना है कि वह सजल का बेहद भरोसेमंद था। उसका घर कूचबिहार के ब्लॉक दो के काकड़िबाड़ी इलाके में है। इस गिरफ्तारी के साथ ही स्वपन कामिल्या हत्या मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। उल्लेखनीय है कि घटना 28 अक्टूबर को सामने आई थी जब स्वपन कामिल्या के अपहरण का आरोप लगा। आरोप है कि राजगंज के बीडीओ प्रशांत वर्मन के उत्तर बंगाल स्थित घर से चोरी हुए सोने को स्वपन ने खरीदा था। इसी शक में प्रशांत और उसके साथियों ने स्वपन का अपहरण कर उसे न्यूटाउन के एबी ब्लॉक के 67 नंबर घर में ले जाकर बुरी तरह पीटा। अगले दिन यानी 29 अक्टूबर को स्वपन का शव बागजोला नहर किनारे यात्रागाछी से बरामद हुआ।



इससे पहले पुलिस बीडीओ के गाड़ी चालक राजू धाली और उत्तर बंगाल के ठेकेदार तुफान थापा को गिरफ्तार कर चुकी है। स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के संबंध में पुलिस पहले ही सजल सरकार और उसके गाड़ी चालक विवेकानंद सरकार को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि प्रशांत बर्मन को अग्रिम जमानत मिल चुकी है।

## मुख्यमंत्री और सायोनी घोष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सांसद सायोनी घोष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम स्वपन गाईन है। यह घटना उत्तर 24 परगना के खड़दह के पश्चिमपाड़ा में हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, भाजपा नेता स्वपन गाईन खड़दह के पश्चिमपाड़ा इलाके में रहता है। इलाके के लोग उसे बापी के नाम से जानते हैं। वह इलाके में भाजपा नेता के तौर पर जाना जाता है। आरोप है कि पिछले कुछ समय से वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और जादवपुर की सांसद सायोनी घोष के नाम पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कमेंट लिख रहा था। जब यह घटना सामने आई तो सत्त-ाधारी पार्टी में गुस्सा भड़क गया। तृणमूल छात्र परिषद के नेताओं ने उसके खिलाफ रहरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने भाजपा नेता को गुरुवार की रात को गिरफ्तार कर लिया। उसने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट क्यों किया? गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से जांचकर्ताओं ने शुरू में पूछताछ की। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया।

## एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** तेज रफ्तार जीवनशैली और धूप के कम संपर्क के चलते बढ़ती विटामिन-डी की कमी को देखते हुए एमवे इंडिया ने अपना नया उत्पाद 'न्यूट्रीलाइट विटामिन डी प्लस बोरॉन' लॉन्च किया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक रजनीश चोपड़ा ने बताया कि देश में 80-90% लोगों में विटामिन-डी का स्तर अपर्याप्त है, जिसका सीधा असर हड्डियों और समग्र स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नया फॉर्मूलेशन विकसित किया गया है, जो हड्डियों की मजबूती और इम्यूनिटी को बढ़ाने में सहायक है। कंपनी की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अमृता असरानी के अनुसार, इस उत्पाद में विटामिन डी3, बोरॉन, विटामिन के2, क्वेरसेटिन और लीकोरिस का विशेष मिश्रण शामिल है, जो हड्डियों के लिए तीन-स्तरीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह फॉर्मूला कैल्शियम अवशोषण में सहायता कर हड्डियों को भीतर से मजबूत बनाता है। नया उत्पाद एमवे डिस्ट्रीब्यूटर्स और कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

## कंचनजंगा एक्सप्रेस अब आधुनिक एलएचबी कोचों के साथ यात्रियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने पश्चिम बंगाल को उत्तर-पूर्व से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन कंचनजंगा एक्सप्रेस (13173/13174 और 13175/13176) को पारंपरिक आईसीएफ रैक से आधुनिक एलएचबी कोचों में बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। एलएचबी कोचों में एंटी-टेलिस्कोपिक डिजाइन शामिल है, जो टक्कर या पटरी से उतरने की स्थिति में कोचों के एक-दूसरे पर चढ़ने को रोकता है और इससे संभावित हताहतों को कम किया जा सकता है। साथ ही, उन्नत डिस्क ब्रेक सिस्टम पुरानी आईसीएफ कोचों की तुलना में अधिक प्रभावी और सुरक्षित ब्रेकिंग सुनिश्चित करता है। इन कोचों का डिजाइन भविष्य में उच्च गति पर भी सुरक्षित संचालन की सुविधा देता है, जिससे रेलवे का बेड़ा अधिक आधुनिक और भविष्य-उन्मुख बनता है।




सुरक्षा के साथ-साथ एलएचबी कोच यात्रियों को बेहतर आराम और सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। आधुनिक बोघी और सस्पेंशन डिजाइन लंबी दूरी की यात्रा के दौरान झटके कम करता है। कोचों में कम शोर, अधिक जगह, चौड़ी खिड़कियां, बेहतर रोशनी, विस्तृत सीटिंग और साफ-सुथरे मॉड्यूलर शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। एलएचबी कोच लगभग 2 मीटर लंबे होते हैं, जिससे प्रति कोच अधिक सीटें और बर्थ उपलब्ध होती हैं। सियालदह मंडल ने यह भी बताया कि भविष्य में अन्य प्रमुख ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से एलएचबी कोचों में बदलने की प्रक्रिया जारी रहेगी, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक यात्रा अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। यह कदम पूर्व रेलवे के यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण को और मजबूत करता है।

## बनगांव में गृहिणी की हत्या के लिए पति समेत ससुराल वालों को उम्रकैद

**कोलकाता, समाज्ञा**

एक गृहिणी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पति, ससुर, सास और देवर को कोर्ट ने दोषी पाया और उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। शुक्रवार को बनगांव सब-डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, हत्या 8 अप्रैल, 2022 को हुई थी। मृतका की पहचान इतु सेन के रूप में की गई है। बनगांव जिला कोर्ट के वकील समीर कुमार घोष ने बताया कि वकील रथिंद्रनाथ सेन की शादी मछलंदपुर निवासी इतु सेन उर्फ प्रिया से हुई थी। आरोप है कि 2022 में, रथिन सेन और उसके भाई रजत सेन, पिता रवींद्रनाथ सेन और मां सुप्रा सेन ने मारपीट के बाद गृहिणी की हत्या कर दी थी।

मृतका की मां ममता बिस्वास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने ससुराल वालों को गिरफ्तार कर लिया और जांच शुरू की गई। बनगांव उपजिला कोर्ट के फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। यह मामला लगभग तीन साल तक चला। मामले की सुनवाई में 14 गवाहों ने गवाही दी। इस दिन, जज कल्लोल दास ने आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

## डायबिटीज प्रबंधन में समझदार पोषण का बढ़ता महत्व

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायबिटीज से जूझ रहे लोगों के लिए रोजमर्रा की दिनचर्या में सही पोषण बेहद अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में बड़ी संख्या में लोग ब्लड शुगर को प्रभावी रूप से नियंत्रित नहीं कर पाते, जिसका मुख्य कारण पारंपरिक भोजन में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट की अधिकता और प्रोटीन-फाइबर की कमी है। चिकित्सकों का कहना है कि संतुलित पोषण ब्लड शुगर को स्थिर रखने के साथ ऊर्जा और मानसिक स्पष्टता भी बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ मायो-इनोसिटॉल जैसे पोषक तत्वों को भी उपयोगी मानते हैं, जो इंसुलिन संवेदनशीलता सुधारने में सहायक हो सकते हैं। वहीं, डायबिटीज-विशेष फॉर्मूलों का उपयोग भोजन के बाद ग्लूकोज स्तर में तेजी से आने वाले उतार -चढ़ाव को कम करता है और बेहतर ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्रदान करता है। विशेषज्ञों का मत है कि संतुलित और स्ट्रक्चर्ड न्यूट्रिशन रोजमर्रा की डायबिटीज देखभाल को सरल, भरोसेमंद और लंबे समय तक टिकाऊ बनाता है, जिससे लोग अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर बेहतर नियंत्रण महसूस कर पाते हैं।

## मुर्शिदाबाद में एसआईआर के कथित दबाव में एक बीएलओ की मौत

**मुर्शिदाबाद :** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जुटे एक और बूथ-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उनके परिवार ने आरोप लगाया कि अत्यधिक कार्य दबाव के कारण उनकी जान गई। बता दें कि चार नवंबर को कवायद शुरू होने के बाद राज्य में यह चौथी ऐसी मौत है, जिसने राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप को हवा दे दी है। अधिकारियों ने मृतक की पहचान जाकिर हुसैन के रूप में की, जो एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। परिजनों ने बताया कि गत गुरुवार की दोपहर उन्हें सीने में तेज दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां रात में उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का दावा है कि हुसैन पर एसआईआर ड्यूटी और नियमित शिक्षण कार्य का 'जबरदस्त दबाव' था। उनका आरोप है कि प्राथमिक शिक्षा अधिकारियों से बार-बार अनुरोध के बावजूद उन्हें एसआईआर ड्यूटी से मुक्त करने से इनकार कर दिया गया, जिससे दबाव बढ़ा।

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने परेशान यात्री को दी त्वरित मानवीय सहायता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने एक बार फिर समय पर मानवीय सहायता प्रदान कर यात्रियों की सुरक्षा और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती से साबित किया है। 27 नवंबर को मिशन सेवा के तहत सियालदह मंडल के बारासात पोस्ट के आरपीएफ कर्मियों ने मध्यमग्राम रेलवे स्टेशन पर एक पुरुष यात्री को गंभीर अवस्था में पाया। स्थिति का आकलन करते हुए आरपीएफ टीम ने तुरंत प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रारंभिक देखभाल के बाद आरपीएफ ने घायल यात्री को बेहतर इलाज के लिए निकटतम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जिससे उसे समय पर चिकित्सीय सुविधा मिल सकी। पूर्व रेलवे की आरपीएफ यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ आकस्मिक स्थितियों में त्वरित मानवीय सहायता देने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है, और इस घटना ने उनके संवेदनशील और जिम्मेदार कार्यों को एक बार फिर रेखांकित किया है।



## सीकर नागरिक परिषद ने बड़े उत्साह के साथ मनाया गीता जयंती महोत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद ने रविंद्र भारती यूनिवर्सिटी के रथिंद्र मंच पर शुक्रवार को श्रद्धापूर्वक गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता के सप्तम अध्याय पर प्रश्नोत्तरी और श्लोक पाठ की अंतरविद्यालय प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कोलकाता महानगर के 11 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मारवाड़ी बालिका विद्यालय, द्वितीय स्थान श्री जैन विद्यालय और तृतीय स्थान हरियाणा विद्या मंदिर, अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन एवं श्री शिक्षायतन स्कूल को मिला। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, प्रोत्साहन पुरस्कार और मोमेंटो प्रदान किए गए। समारोह का शुभारंभ पद्मश्री प्रह्लाद राय अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उन्होंने कहा कि गीता मानवता को निष्ठापूर्वक कर्म करने का मार्ग दिखाती है। मुख्य अतिथि प्रो. कमल कांत मिश्र, अध्यक्ष-संस्कृत विभाग, कोलकाता विश्वविद्यालय, ने विद्यार्थियों को गीता के अध्यायों से जीवन प्रबंधन और प्रेरणा लेने का संदेश दिया।



कार्यक्रम का संचालन सुनीता लोहिया और रश्मि सराफ ने किया, जबकि प्रश्नोत्तरी का संचालन विभा सीकरिया और रेखा चौधरी ने संभाला। निर्णायक मंडल में योगेश राज उपाध्याय, मीतू कानोड़िया और सविता पोद्दार शामिल रहे। अध्यक्ष अरविंद बियानी और सचिव रवि शंकर सीकरिया ने विद्यार्थियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

परिषद ने एमिरेटस अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद सोभासरिया और भगवती प्रसाद जालान के मार्गदर्शन के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम की सफलता में किरण सोढ़ानी, टीना सिंघी, उषा अग्रवाल, ललिता शारडा, चंचल मित्तल, सुमन सीकरिया, अपर्णा शर्मा, मधु पोद्दार, कमल प्रसाद चौधरी एवं रवि लोहिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल कुमार पोद्दार, उपस्थिति रही। अंत में अल्पाहार की व्यवस्था रखी गई।

## महिंद्रा चार्ज़इन ने 180 किलोवाट अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग नेटवर्क की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को नई गति देने की दिशा में महिंद्रा ने 180 किलोवाट क्षमता वाले अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग नेटवर्क का शुभारंभ किया है। कंपनी 2027 के अंत तक देशभर में 250 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी, जिनमें कुल 1,000 से अधिक चार्जिंग पॉइंट शामिल होंगे। यह कदम भारत में सार्वजनिक ईवी चार्जिंग ढांचे को मजबूत बनाने की सरकारी प्राथमिकता के अनुरूप है। महिंद्रा ने बेंगलुरु-चेन्नई राजमार्ग के होसकोटे और दिल्ली से 50 किमी दूर एनएच-44 स्थित मुर्थल में दो चार्ज़इन स्टेशन शुरू किए हैं। कंपनी के ऑटोमोटिव डिविजन के सीईओ नलिनिकांत गोल्लगुंटा ने कहा कि नया नेटवर्क ईवी उपयोगकर्ताओं की रेंज और चार्जिंग संबंधी चिंताओं को कम करेगा। 180 किलोवाट डुअल-गन चार्जर से लैस यह नेटवर्क एक्सईवी 9ई, बीई 6 और आगामी एक्सईवी 9एस को मात्र 20 मिनट में 20 से 80% तक चार्ज कर सकेगा। प्रमुख राजमार्गों पर बनाए जा रहे ये स्टेशन यात्रियों को कैफे व रेस्तरां जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

## नीवा बूपा ने 10 लाख एडवाइजर्स को प्रशिक्षित करने के लिए 'इंश्योरेंस अकादमी' की शुरूआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** नीवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने पूरे देश में बीमा जागरूकता बढ़ाने और अपने एडवाइजर्स के कौशल को उन्नत करने के उद्देश्य से 'इंश्योरेंस अकादमी' की शुरुआत की है। कंपनी का लक्ष्य 10 लाख से अधिक एडवाइजर्स को उत्पाद विशेषज्ञता, क्लेम प्रबंधन और डिजिटल बिक्री कौशल में प्रशिक्षित करना है, ताकि स्वास्थ्य बीमा को एक विश्वसनीय पेशे के रूप में मजबूत किया जा सके और 'भारत 2047 तक सभी के लिए बीमा' लक्ष्य को गति मिले। यह अकादमी एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म के रूप में एडवाइजर्स को ग्राहक की आवश्यकता के अनुसार सही उत्पाद की सिफारिश करने और क्लेम प्रक्रिया को सहज बनाने की जानकारी देगी, जिससे उनके प्रति ग्राहकों का भरोसा बढ़ेगा। कंपनी का कहना है कि यह पहल एडवाइजर्स को 'हेल्थ कैप्टन्स' के रूप में विकसित करेगी, जो परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा के सही मार्ग पर ले जाएंगे। कार्यकारी निदेशक अंकुर खरबंदा ने बताया कि डिजिटल-केंद्रित प्रशिक्षण मॉडल देशभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा जागरूकता को मजबूत करेगा।

## आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने एम. श्रीनिवास रेड्डी को सीईओ नियुक्त किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने एम. श्रीनिवास रेड्डी को 14 नवंबर 2025 से मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। श्री रेड्डी के पास तीन दशकों से अधिक का उद्योग अनुभव है। उन्होंने ब्लू स्टार में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी एंड बिजनेस डेवलपमेंट के पद पर कार्य किया है और लंदन बिजनेस स्कूल से सीनियर एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम भी पूरा किया है। आइस मेक के सीएमडी चंद्रकांत पटेल ने कहा, श्री रेड्डी का अनुभव और नेतृत्व हमारी कंपनी के विकास और विस्तार योजनाओं को गति देगा। श्री रेड्डी ने कहा, मैं आइस मेक से जुड़कर उत्साहित हूं और टीम के साथ मिलकर कंपनी की बाजार उपस्थिति और उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूत करने का प्रयास करूंगा। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब आइस मेक अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूत करने और भारत में कोल्ड चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग के अनुरूप खुद को ढालने की दिशा में सक्रिय है।



## बेलघरिया में कॉलेज छात्रों और स्थानीय युवाओं के बीच झड़प, 1 घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलघरिया में एक निजी कॉलेज के छात्रों और स्थानीय युवाओं के बीच जमकर झड़प हुई, जिसमें 1 व्यक्ति घायल हुआ। घटना स्थल पर बेलघरिया थाने की पुलिस ने तुरंत पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। सीसीटीवी कैमरों में झड़प की पूरी घटना कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, बेलघरिया नीलगंज रोड स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुछ छात्रों ने इलाके की एक गली में शराब पी। उसी समय स्थानीय युवक अपनी बाइक से उस गली से गुजर रहा था, और किसी कारणवश बाइक छात्रों से टकरा गई।

इसके बाद युवक और छात्रों के बीच बहस शुरू हो गई। बहस बढ़ते-बढ़ते हाथापाई में बदल गई और आरोप है कि छात्रों ने युवक को सड़क पर गिरा कर बांस से पीटा। घायल युवक को गंभीर हालत में सागर दत्त अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की खबर फैलते ही इलाके के अन्य युवा भी मौके पर पहुंचे और शराब पी रहे छात्रों पर हमला कर दिया, जिससे छात्रों और युवाओं के बीच व्यापक झड़प हो गई। पुलिस ने समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया।

फिलहाल, कॉलेज प्रशासन ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। घटना ने इलाके में तनाव पैदा कर दिया है।

## ड्यूटी में तैनात महिला आरपीएफ कर्मी की सतर्कता

### मेट्रो स्टेशन पर मिला खोया मोबाइल मालिक को लौटाया

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो में एक बार फिर मानवता और जिम्मेदारी की मिसाल सामने आई है। रवीन्द्र सरोवर मेट्रो स्टेशन पर तैनात एक महिला आरपीएफ कर्मचारी ने अपने कर्तव्य निभाते हुए एक खोया हुआ मोबाइल फोन उसके असली मालिक को वापस लौटा दिया।




घटना बुधवार रात लगभग 21:05 बजे की है, जब रवींद्र सरोवर मेट्रो स्टेशन में ड्यूटी पर मौजूद महिला आरपीएफ जवान को लगेज स्कैनर मशीन के पास एक बिना दावे वाला मोबाइल फोन मिला। फोन मिलने के बाद उसे तुरंत स्टेशन मास्टर कार्यालय में जमा किया गया और सभी मेट्रो स्टेशनों पर इसके बारे में संदेश भेजा गया।

कुछ समय बाद एक यात्री स्टेशन मास्टर के कार्यालय पहुंचकर मोबाइल पर अपना दावा प्रस्तुत करते हैं। पहचान और जरूरी औपचारिकताओं की जांच के बाद फोन उस यात्री को सौंप दिया गया।

मोबाइल वापस मिलने पर यात्री ने कोलकाता मेट्रो प्रशासन और आरपीएफ को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी ईमानदारी और तत्परता ने उन्हें बड़ी परेशानी से बचा लिया।

## अपोलो फार्मेसी 7,000 स्टोर्स के साथ देश की सबसे बड़ी फार्मेसी चेन बनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अपोलो फार्मेसी ने 7,000 स्टोर्स का बड़ा माइलस्टोन हासिल करते हुए भारत की सबसे बड़ी और विश्वसनीय ओम्नीचैनल फार्मेसी चेन के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। चार दशक के सफर में कंपनी ने देशभर में पड़ोस फार्मेसी मॉडल को सुदृढ़ किया है। अपोलो का 7,000वां स्टोर अयोध्या, उत्तर प्रदेश में खोला गया। एग्जिक्यूटिव चेयरपर्सन शोभना कामिनेनी ने बताया कि अब लगभग 80% भारतीय अपोलो फ़ार्मेसी से मात्र 40 मिनट की दूरी पर हैं और कंपनी प्रतिदिन दस लाख से अधिक ऑर्डर पूरे करती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म 'अपोलो 24/7' के माध्यम से 19,000 से अधिक पिनकोड तक डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें वर्चुअल कंसल्टेशन, डायग्नॉस्टिक्स और बीमा समाधान शामिल हैं। सीईओ पी. जयकुमार ने कहा कि कंपनी हर दिन दो नए स्टोर खोलते हुए अगले पांच वर्षों में ग्राहक आधार को 100 मिलियन तक बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। अपोलो का लॉयल्टी प्रोग्राम 'अपोलो सर्कल' भी 1 करोड़ सदस्यों का आंकड़ा पार कर चुका है।

# हावड़ा में अवैध भवन निर्माण पर सख़्त हुआ नगर निगम, 27 प्रमोटरों के खिलाफ एफआईआर

**❑ नगर निगम ने कुल 42 प्रमोटरों के खिलाफ पुलिस को विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज करने का दिया प्रस्ताव**




**हावड़ा, समाज्ञा :** अवैध भवन निर्माण पर नकेल कसते हुए हावड़ा नगर निगम ने अब बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम की बिल्डिंग विभाग की ओर से अवैध निर्माण में शामिल 42 प्रमोटरों के खिलाफ हावड़ा सिटी पुलिस को विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज करने का प्रस्ताव दिया गया है। इनमें से 27 प्रमोटरों पर पहले ही अलग-अलग थानों में मामला दर्ज कर जांच शुरू हो चुकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आवश्यकता पड़ने पर आरोपित प्रमोटरों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, कई मामलों में प्रमोटरों ने हावड़ा नगर निगम एक तरह की अनुमति लेकर निर्माण के दौरान अवैध रूप से अतिरिक्त मंजिलें खड़ी कर लीं। शहर के कई हिस्सों में जहां पांच मंज़िल की अनुमति दी गई थी, वहां सात मंज़िल तक निर्माण किया गया। वहीं, कई स्थानों पर बिना किसी वैध अनुमति के ही बहुमंजिली इमारतें खड़ी कर दी गईं। अनुमानों के अनुसार, हावड़ा शहर में लगभग पांच हजार अवैध बहुमंजिली इमारतें मौजूद हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या उत्तर हावड़ा में है, जबकि मध्य हावड़ा में अवैध निर्माण अपेक्षाकृत कम मिला है।

सूचना के अनुसार, इन मामलों में मालिपांचघड़ा, शिवपुर, हावड़ा और ए.जे.सी. बोस बी. गार्डन थानों में एफआईआर दर्ज की गई है।

# बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी में देरी, राज्य सरकार ने फिर मांगा समय



**कोलकाता :** बांग्लादेश सीमा पर कंटीली तार लगाने के कार्य में हो रही देरी को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने एक बार फिर असंतोष व्यक्त किया। अदालत ने पहले दिए गए निर्देश के अनुसार कार्य की प्रगति पर सकारात्मक रिपोर्ट जमा करने के बजाय राज्य सरकार द्वारा दोबारा समय मांगने पर कड़ी आपत्ति जताई।

गुरुवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट कहा कि यह मुद्दा सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है, इसलिए अतिरिक्त समय देने की गुंजाइश बेहद कम है। अदालत ने कहा, हमने राज्य से सकारात्मक रिपोर्ट मांगी थी। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तारबंदी अत्यंत गंभीर विषय है। ऐसे मामले में अधिक समय नहीं दिया जा सकता। इसके बावजूद अदालत ने अंतिम अवसर देते हुए रिपोर्ट जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय बढ़ाया।

अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि अगर अगली बार जमा होने वाली रिपोर्ट में संतोषजनक प्रगति नहीं दिखाई देती है, तो इस मामले की लगातार सुनवाई की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

वहीं, केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने अदालत में दस्तावेज पेश करके बताया कि सीमा पर तारबंदी कार्य के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण को केंद्रीय कैबिनेट ने पहले ही मंजूरी दे दी है और आवश्यक धनराशि भी राज्य को भेज दी गई है। इसके बावजूद राज्य की ओर से कोई स्पष्ट जवाब या प्रगति नहीं दिखाई दे रही है, ऐसा आरोप भी उन्होंने लगाया।

इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

## भीषण हादसे में ट्रक की टक्कर से पिकअप वैन चालक की मौत

**नदिया :** नदिया के राष्ट्रीय सड़क पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवा वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आकिलुर मंडल (27) के रूप में हुई है। वे पेशे से वाहन चालक थे और उनका निवास नाकाशिपाड़ा थाना क्षेत्र के चेंगा पाटिकाबाड़ी इलाके में था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह आकिलुर कोलकाता से सब्जी डिलीवरी करके अपने इलाके लौट रहे थे। इसी दौरान नाकाशिपाड़ा थाना के युगपुर फ्लाईओवर के पास 12 नंबर राष्ट्रीय सड़क पर उनकी पिकअप वैन को एक बड़े ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल आकिलुर को बेथुआ स्टेट जनरल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## संसद के शीतकालीन सत्र में राज्य में एसआईआर और इससे संबंधित मौतों का मुद्दा उठाएगी तृणमूल कांग्रेस

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी अगले महीने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और उससे कथित तौर पर जुड़ी मौतों का मुद्दा उठाएगी। पार्टी ने दावा किया कि मतदाता सूची में त्वरित संशोधन से बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) और नागरिकों में भय, थकान और मौत की घटनाएं हुईं। पार्टी नेता ने कहा कि पार्टी सवाल उठाएगी कि राज्य में सबसे गहन जांच क्यों की गई, जबकि समान जनसांख्यिकीय प्रोफाइल वाले कई सीमावर्ती राज्यों को एसआईआर से छूट दी गई है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वह एसआईआर के लिए राज्यों के चयन पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से स्पष्टीकरण मांगेगी। पार्टी के एक वरिष्ठ सांसद ने कहा कि बांग्लादेश और म्यांमा जैसे देशों के साथ सीमा साझा करने वाले त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और मणिपुर को पूरी तरह से छूट क्यों दी गई है? असम में विशेष संशोधन की प्रक्रिया कमजोर क्यों है? क्या असली इरादा बंगाली पहचान को चुनौती देना और बंगाली मतदाताओं को मतदाता सूची से व्यवस्थित रूप से हटाना है? टीएमसी ने पूरे शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों में हस्तक्षेप करने और निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार पर जवाबदेही के लिए दबाव बनाने की योजना बनाई है।

# हावड़ा में तृणमूल ग्राम प्रधान पर फायरिंग, सहयोगी समेत दो घायल



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के सपूइपाड़ा इलाके में गुरुवार की देर रात तृणमूल कांग्रेस के एक ग्राम पंचायत प्रधान और उनके सहयोगी को सरेआम सड़क पर गोली मार दी गई। घटना से इलाके में भारी दहशत फैल गई है। हमले में घायल पंचायत प्रधान की पहचान देबब्रत मंडल उर्फ बाबू मंडल के रूप में हुई है, जबकि उनके सहयोगी का नाम अनुपम राणा बताया गया है। दोनों को गंभीर हालत में एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने खासकर मंडल की स्थिति को अत्यंत गंभीर बताया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंडल और राणा गुरुवार की देर रात एक विवाह समारोह से मोटरसाइकिल पर लौट रहे थे। बाइक राणा चला रहे थे, जबकि मंडल पीछे बैठे थे। रास्ते में कुछ अज्ञात बदमाशों ने बाइक को रोक लिया और अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पहली गोली राणा को लगी, जिससे दोनों मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद, हमलावरों ने छह-सात राउंड और फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद दोनों को स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर शुक्रवार की सुबह उन्हें एसएसकेएम अस्पताल रेफर किया गया। सूत्रों के अनुसार, मंडल को कंधे और पेट में गोली लगी है। घटना के बाद राजनीतिक बयानबाज़ी शुरू हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस राजनीतिक रंजिश और व्यक्तिगत दुश्मनी दोनों कोणों से जांच कर रही है।

## चुनावी मुद्दे उठाने के लिए राजनीतिक दल, सगंठन सीईओ से ले सकेंगे समय

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने शुक्रवार को सभी राजनीतिक दलों, उनके संबद्ध संगठनों और नागरिक समाज समूहों को चुनाव से जुड़े किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया, बशर्ते उन्हें पहले से समय (अप्वॉइंटमेट) लेना होगा। सीईओ ने कहा कि यह व्यवस्था सभी पक्षों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने एवं चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने में मदद करेगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशों के तहत सीईओ कार्यालय नियमित रूप से राजनीतिक दलों और नागरिक समाज समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करता है, ताकि आयोग के कार्यों से संबंधित किसी भी मुद्दे पर चर्चा की जा सके। इससे सभी हितधारकों के कामकाज में सुधार होता है। सीईओ कार्यालय ने यह भी कहा कि 'विंडो' के माध्यम से मुलाकात के खातिर समय लेने के लिए पूर्व सूचना देनी होगी, क्योंकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी अक्सर कई कार्यक्रमों, बैठकों, सम्मेलनों और दौरों में व्यस्त रहते हैं। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया कि राजनीतिक दलों और संगठनों को जिन मुद्दों पर चर्चा करनी है, उन्हें पहले से बताना होगा। इसके साथ ही बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों की सूची भी अग्रिम रूप से भेजनी होगी या पत्र के साथ साझा करनी होगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि यह पहल राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायसंगत और बेहतर तरीके से सेवा करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## सौरव गांगुली की पत्नी हुईं अभद्र टिप्पणी और बॉडी शेमिंग का शिकार, पुलिस से की शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** सौरव गांगुली की पत्नी डोना गांगुली ने कोलकाता पुलिस से शिकायत की है। वह कथित तौर पर फेसबुक पर अभद्र कमेंटबाजी और बॉडी शेमिंग का शिकार हुई हैं। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात डोना ने ठाकुरपुकुर थाने में जाकर शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस ने भी इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिए हैं। डोना गांगुली के मुताबिक फेसबुक अकाउंट से उनके खिलाफ उनको निशाने बनाते हुए कई अभद्र पोस्ट और कमेंट शेयर किए जा रहे हैं। उनकी शिकायत के मुताबिक उनके खिलाफ अभद्र कमेंटबाजी और बॉडी शेमिंग जैसी बातें पोस्ट हो रही हैं। यह चीजें उनके कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में परफॉर्म करने के बाद से हो रहा है। उनकी तस्वीरों को शेयर करके निशाना बनाया जा रहा है। कोलकाता पुलिस ने बताया कि उसके पास कई शिकायतें आई हैं। साइबर सेल इस मामले पर जांच में लग गई है।

## नैहाटी में सिलेंडर विस्फोट, कई घरों में आगजनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के नैहाटी थाना इलाके में शुक्रवार को एक गैस सिलेंडर फट गया और इस विस्फोट से एक साथ चार घरों में आग फैल गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, शाम को नैहाटी के एक घर में अचानक गैस सिलेंडर फट गया। तेज आवाज से इलाका दहल गया। आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। हालांकि, आग इतनी तेज थी कि आस-पास के घरों में भी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। हालांकि, आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। खबर लिखे जाने तक घटना में किसी के हताहत होने की की खबर नहीं है। हालांकि, स्थानीय लोगों की शिकायत है कि सूचना मिलने के बाद भी फायर ब्रिगेड देर से पहुंची। इस वजह से आग और फैल गई। स्थानीय लोगों ने दमकल कर्मियों को घेरकर विरोध किया। बाद में, पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। स्थानीय लोगों की मांग है कि प्रशासन उनके लिए मुआवजे का इंतजाम करे। हालांकि, पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया, लेकिन इलाके में तनाव बना हुआ है।

## एनसीडब्ल्यू ने राज्य पुलिस पर जन सुनवाई के लिए जगह न देने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामलों की जन सुनवाई के लिए जगह उपलब्ध कराने से एक बार फिर इनकार कर दिया है, जिसके कारण आयोग एक दिसंबर को स्वतंत्र रूप से कार्यक्रम आयोजित करेगा। एक बयान में, आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा कि आयोग ने राज्य पुलिस और मुख्य सचिव को कई बार पत्र लिखकर उत्तर 24 परगना में जन सुनवाई के लिए स्थल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। उत्तर 24 परगना में 100 से अधिक मामलों पर जन सुनवाई करने का कार्यक्रम है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार अनुरोध के बावजूद पुलिस ने स्थल उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया है, जैसा कि पहले भी हुआ था। बयान के माध्यम से आयोग ने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि राज्य पुलिस महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े मामलों के समाधान में रुचि नहीं रखती। आयोग ने कहा कि स्थान न मिलने के कारण वह एक दिसंबर को साल्टलेक स्थित ईजेडसीसी (ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर) में खुद से 'जन-सुनवाई' कार्यक्रम आयोजित करेगा। सुनवाई के दौरान पहले से प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ उसी समय मिलने वाली (वॉक-इन) शिकायतों को भी स्वीकार किया जाएगा।

# विधानसभा चुनाव 2026 से पहले ईवीएम और वीवीपैट की जांच शुरू

**कोलकाता :** आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों के तहत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतदाता सत्यापन पर्ची प्रणाली (वीवीपीएटी) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह जांच अधिकृत इंजीनियरों द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में की जा रही है। केवल वही मशीनें जो जांच में पास होती हैं, उन्हें चुनाव में उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया का पूरा विवरण चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध ईवीएम मैनुअल में उल्लेखित है।

इस संबंध में जारी प्रेस नोट के अनुसार, दक्षिण 24 परगना जिले में ईवीएम और वीवीपैट की जांच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न स्थानों पर की जाएगी। काकद्वीप के एसडीओ कार्यालय में 27 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक यह प्रक्रिया चलेगी। डायमंड हार्बर एसडीओ कार्यालय में 01 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 तक जांच निर्धारित है। इसके अलावा अलीपुर स्थित नए प्रशासनिक भवन में 27 नवंबर से 14 दिसंबर, फुलतला, बारुईपुर के जिमनैजियम हॉल में 27 नवंबर से 08 दिसंबर और कैनिंग एसडीओ कार्यालय में 11 दिसंबर से 16 दिसंबर 2025 तक मशीनों की जांच की जाएगी।

जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि ईवीएम और वीवीपैट की जांच निर्वाचन आयोग के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है। साथ ही यह प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग स्तर से भी निगरानी में रहेगी।

राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी 22 नवंबर 2025 को पत्र जारी कर अपने प्रतिनिधियों को इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने के लिए अधिकृत करने का अनुरोध किया गया है। पत्र की प्रति राजनीतिक दलों के राज्य मुख्यालयों को भी भेजी गई है।

जिला प्रशासन ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हर कदम पर पारदर्शिता और तकनीकी शुद्धता आवश्यक है और उसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह जांच की जा रही है।

## लड़कियों के स्कूल के सामने अश्लील हरकत, आरोपी को पकड़कर भीड़ ने पीटा



**कोलकाता :** लड़कियों के स्कूल के सामने खड़े होकर अश्लील हरकते करने वाले युवक की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर हाथों-हाथ थाने पहुंचाया। इसके बाद आरोपी को सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर उठाकर पीटा गया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अपराध को स्वीकार किया। घटना के तुरंत बाद अभिभावकों ने स्कूल के सामने पर्याप्त पुलिस सुरक्षा की मांग की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह स्कूल कृष्णनगर शहर का प्रसिद्ध लड़कियों का स्कूल है और इसके सामने सड़क है। आरोप है कि आरोपी रोजाना स्कूल समय पर उस सड़क से गुजरता था और उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। अभिभावकों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है; इससे पहले भी आरोपी ने छात्राओं को अश्लील इशारे किए थे। सूत्रों के अनुसार, आरोपी का घर कोतवाली थाना क्षेत्र के आमघाटा इलाके में है और वह खुद को इंजीनियरिंग कॉलेज का प्रोफेसर बताता है, हालांकि कॉलेज में उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। इस घटना ने इलाके में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है और सार्वजनिक रूप से स्कूल के सामने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बहरामपुर में तृणमूल कार्यकर्ता की घर के पास हत्या



**मुर्शिदाबाद :** जिले के बहरामपुर थाना इलाके में शुक्रवार को एक तृणमूल कार्यकर्ता की उसके घर के पास हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हयातुल्लाह शेख (48) के रूप में की गई है। वह इलाके में तृणमूल का सक्रिय कार्यकर्ता माना जाता है। पता चला है कि हयातुल्लाह शेख बहरामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष आईजुद्दीन मंडल का साला है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, रात में हयातुल्लाह शेख हरिहरपाड़ा से सटे बहरामपुर थाना अंतर्गत कुमरादह घाट के पास स्थित अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय कुछ बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। हयातुल्लाह के पेट में चाकू मारा गया। उसे खून से लथपथ हालत में मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान हयातुल्लाह शेख की मौत हो गई। तृणमूल ने कांग्रेस पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, कांग्रेस ने आरोपों से इनकार किया है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। बहरामपुर थाने की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए : पूर्व यूजीसी अध्यक्ष

**बीरभूम :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को आदर्श रूप से पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। विश्व भारती विश्वविद्यालय में विकास 2025 कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कुमार ने कहा कि भले ही, कुछ राज्य इसका नाम बदलकर 'राज्य शिक्षा नीति' कर दें, लेकिन एनईपी की सिफारिशों और विशेषताओं को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। कुमार ने कहा कि यह नीति यह सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई थी कि हमारे देश में छात्रों को कैसे शिक्षित किया जाए और वे अपना भविष्य कैसे बना सकें। भारत अब एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, जो रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है - जिसका अर्थ है कि कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि लेकिन कई कॉलेज और विश्वविद्यालय छात्रों को इस वास्तविकता के लिए तैयार नहीं कर रहे हैं। वे नौकरी कैसे हासिल करेंगे? कुमार ने कहा कि एनईपी बहु-विषयक शिक्षा, लचीलेपन और भारतीय भाषाओं, संस्कृति और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों के अध्ययन के अवसरों को बढ़ावा देती है। अगर कोई राज्य एनईपी को अपनाने से इनकार करता है तो उसके छात्र इसे अपनाने वाले राज्यों के छात्रों से पिछड़ जाएंगे। उन्हें दूसरे राज्य में उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। भले ही इसे राज्य शिक्षा नीति नाम दिया जाए, इसे लागू किया जाना चाहिए क्योंकि नाम कोई मायने नहीं रखता। उन्होंने कहा कि जब एनईपी पूरे देश में लागू हो जाएगी तो सार्वजनिक और निजी दोनों विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक मानकों में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# पुरुलिया में चार 'स्लॉथ' भालुओं की तस्वीरें कैमरे में रिकॉर्ड, संरक्षण की उम्मीदें बढ़ीं



**पुरुलिया :** जिले के कोटशिला-झालदा जंगल में कैमरे में कम से कम चार 'स्लॉथ' भालू की तस्वीरें रिकॉर्ड होने से उनके संरक्षण की उम्मीदें बढ़ गई हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। साल 2022 में इस क्षेत्र में लगे कैमरे में केवल एक ही 'स्लॉथ' (आलसी) भालू की तस्वीर दर्ज हुई थी। पुरुलिया के तीन वन प्रभागों में कैमरे में रिकॉर्ड करने की कवायद जनवरी में शुरू हुई। यह कार्य वन विभाग और गैर-सरकारी संगठन 'ह्यूमन एंड एनवायरनमेंट एलायंस लीग' (एचईएएल) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जो जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में काम करता है। कोटशिला संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) अंजन गुहा ने बताया कि ट्रैप कैमरों से प्राप्त तस्वीरों का विश्लेषण करने के बाद हमने निष्कर्ष निकाला है कि क्षेत्र में कम से कम चार 'स्लॉथ' भालू हैं। हम इन जान-वरों की सुरक्षा के लिए एक संरक्षण परियोजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मानव-जानवर संघर्ष को रोकने के लिए उन्होंने आस-पास के गांवों में जागरूकता अभियान शुरू किया है। मुख्य वन्यजीव वार्डन संदीप सुंद्रीयाल ने कहा कि मैंने इनके क्षेत्र में देखे जाने के बारे में सुना है। यह जानकर खुशी हुई कि जानवर अपने प्राकृतिक आवासों के भीतर रहते हैं और किसी भी संघर्ष से बचने के लिए मानव बस्तियों में प्रवेश नहीं करते। सुंद्रीयाल ने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों ने पुरुलिया में पैंगोलिन (एक स्तनधारी जीव है, जिसके शरीर पर एक सुरक्षात्मक कवच होता है) और भेड़िया भी देखा है।

## भाटपाड़ा में हथियार और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा में हथियार और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किया है। साथ ही, एक बदमाश को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम मोहम्मद असलम है। हथियार और कारतूस कहां से बरामद हुए? पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद भाटपाड़ा थाने की पुलिस ने भाटपाड़ा नगरपालिका की गली नंबर 6 में एक घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान 2 पाइप गन और 10 राउंड कारतूस बरामद हुए। मोहम्मद असलम को गिरफ्तार कर लिया गया। हथियार और कारतूस क्यों रखे गए थे? क्या उन्हें कहीं और तस्करी करने के लिए लाया गया था? या इलाके में हिंसा फैलाने के लिए बंदूकें और कारतूस रखे गए थे? हथियार कौन लाया था? पुलिस यह जानकारी पता लगाने की कोशिश कर रहा है। गिरफ्तार किए गए शख्स से शुरुआती पूछताछ की गई है। शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए शख्स को कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए शख्स से कस्टडी में पूछताछ की जाएगी।

# कोलकाता में नौसेना दिवस के अवसर पर दो प्रमुख युद्धपोतों का आगमन



कमोडोर अजय यादव

**❑ दोनों युद्धपोत 30 नवंबर की शाम तक खिदिरपुर डॉक पर आम जनता के लिए खुले रहेंगे**

**❑ आइएनएस खंजर और आइएनएस कोरा पूर्वी नौसेना कमान के बेड़े के प्रमुख युद्धपोत हैं**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नौसेना दिवस और वार्षिक नौसेना सप्ताह के अवसर पर पूर्वी नौसेना कमान के दो प्रमुख युद्धपोत, आइएनएस खंजर और आइएनएस कोरा, गुरुवार को कोलकाता पहुंचे और खिदिरपुर बंदरगाह पर डॉक किए गए। मिसाइलों से लैस ये युद्धपोत जनता के परिदर्शन के लिए तैनात किए गए हैं, ताकि आम लोग नौसेना की आधुनिक क्षमताओं और समुद्री शक्ति का अनुभव कर सकें। 28 से 30 नवंबर तक ये दोनों युद्धपोत आम जनता के लिए खुले रहेंगे। कोलकाता में नौसेना के प्रमुख बेस आइएनएस नेताजी सुभाष के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।



बंगाल में नौसेना के प्रभारी अधिकारी कमोडोर अजय यादव ने शुक्रवार सुबह बताया कि यह पहल नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नौसेना से जोड़ने और उसकी उपलब्धियों से परिचित कराने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि आइएनएस खंजर और आइएनएस कोरा फिलहाल मिशन-बेस्ड डिप्लॉयमेंट के तहत बंगाल की खाड़ी में तैनात हैं। दोनों युद्धपोत ईस्टर्न फ्लीट के अहम हिस्से के तौर पर काम करते हैं जो अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस हैं। यहां तैनाती के पहले दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों व एनसीसी कैडेटों ने दोनों युद्धपोतों पर जाकर इसे करीब से देखा।

नौसेना अधिकारी ने बताया कि आइएनएस खंजर, जो पी-25 क्लास का गाइडेड मिसाइल युद्धपोत है, अक्टूबर 1991 में नौसेना में शामिल हुआ था। वहीं, आइएनएस कोरा, जो पी-25ए क्लास का गाइडेड मिसाइल युद्धपोत है, अगस्त 1998 में नौसेना में शामिल हुए था। इस दोनों युद्धपोत को कोलकाता स्थित रक्षा पीएसयू गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने बनाए थे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में दूल्हे ने दहेज लेने से इंकार किया, 31 लाख रुपये लौटाए

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में दूल्हे ने दुल्हन के परिवार की तरफ से दिए गए 31 लाख रुपये लेने से इनकार करके एक मिसाल कायम की। एक हफ्ते पहले अवधेश सिंह (26) और अदिति सिंह (24) की यहां बुढ़ाना तहसील के शाहबुद्दीनपुर गांव में शादी हुई। इस दौरान लड़की वालों ने अवधेश को एक थाल में रखकर 31 लाख रुपये दिए, जिन्हें लेने से उन्होंने इंकार कर दिया। इतनी बड़ी रकम लेने से इनकार करने के बाद अवधेश लोगों की निगाहों में आ गये और दोनों पक्षों ने तालियां बजाकर उनकी तारीफ की।

### बलिया में विवाह समारोह में मंच टूटने पर भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व सांसद और दूल्हा-दुल्हन नीचे गिरे

**बलिया (उप्र):** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता के भाई के विवाह से जुड़े समारोह में दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने के दौरान स्टेज टूटने पर पार्टी के पूर्व सांसद, मौजूदा जिलाध्यक्ष और दूल्हा-दुल्हन समेत कई लोग नीचे गिर गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष संजय मिश्र ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि बुधवार की रात बलिया शहर के रामलीला मैदान में भाजपा नेता अभिषेक सिंह इंजीनियर के भाई के विवाह से जुड़ा समारोह आयोजित किया गया। मिश्र के मुताबिक इस दौरान उनके साथ भाजपा के पूर्व सांसद भरत सिंह और 10 से अधिक लोग दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने के लिए मंच पर पहुंचे, तभी मंच का एक हिस्सा टूट कर गिर गया। उन्होंने कहा कि इस कारण आशीर्वाद देने पहुंचे भाजपा के सभी नेता गिर पड़े। मिश्र ने बताया कि सभी सुरक्षित हैं और दो लोगों को हल्की चोट आई है।

### स्कूल की दीवार फांदने पर छात्रों की पिटाई के मामले में प्रधानाचार्य और वार्डन के खिलाफ जांच

**कोटा:** राजस्थान के झालावाड़ में एक सरकारी आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य और वार्डन के खिलाफ शुक्रवार को जांच के आदेश दिए गए हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने विद्यालय की दीवार फांदकर मेले में गए कुछ छात्रों की पिटाई की थी। यह घटना बृहस्पतिवार शाम झालरापाटन में आदिवासी क्षेत्र विकास योजना के तहत संचालित स्कूल में हुई। घटना का एक कथित वीडियो भी सामने आया है, जिसमें प्रधानाचार्य राजेंद्र आर्य को छात्रों को एक-एक करके कतार से बाहर निकालकर डंडे से पीटते और फिर उन्हें अर्ध-उकड़ू मुद्रा में बैठने के लिए मजबूर करते हुए देखा जा सकता है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (एडीईओ) पवन पाटीदार ने बताया कि स्कूल के कुछ छात्र पास में आयोजित मेले में स्कूल परिसर की दीवार फांदकर गए थे। उन्होंने बताया कि जब वे शाम पांच बजे वापस लौटे तो आर्य ने कथित तौर पर छात्रों को दंडित किया। एडीईओ ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए आर्य को शिक्षा निदेशालय, बीकानेर तथा वार्डन मुकेश कुमार मीणा को शिक्षा निदेशालय के जिला कार्यालय में भेज दिया गया है।

### राजस्थान: दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बस के अज्ञात वाहन से टकरा जाने से दो की मौत, 12 यात्री घायल

**कोटा:** राजस्थान के कोटा में शुक्रवार तड़के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक निजी स्लीपर बस की अज्ञात वाहन से टक्कर होने के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 12 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हादसा तड़के करीब साढ़े चार बजे कैथून थाना क्षेत्र के अरण्डखेड़ा गांव के पास हुआ, जब कम से कम 42 यात्रियों को लेकर दिल्ली से इंदौर जा रही बस अपने आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। कैथून के वृत्त निरीक्षक (सीआई) संदीप शर्मा ने बताया कि बस कथित रूप से तेज रफ्तार में चल रही थी, हालांकि दुर्घटना का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन का अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारी ने बताया कि बस चालक कोटा के मंडाना गांव निवासी गिरिराज रेबारी (40) और सह-चालक कोटा शहर के बोरखेड़ा निवासी श्यामसुंदर सैन (36) की मौके पर ही मौत हो गई तथा शुक्रवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

# समाज को मजबूत बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सहयोग की भावना भी जरूरी: मुर्मू

**लखनऊ:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्र और समाज की मजबूती के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ सहयोग की भावना भी आवश्यक है। मुर्मू ने शुक्रवार को लखनऊ में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के हीरक जयंती समारोह और 19वें राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह में यह बात कही। उन्होंने कहा, जंबूरी के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। हर प्रतियोगिता से हमें नयी चीजें सीखने को मिलती हैं। टीम भावना मजबूत होती है और यह हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित भी करती हैं, लेकिन, राष्ट्र और समाज की मजबूती के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ सहयोग की भावना भी आवश्यक है। राष्ट्रपति ने कहा,''यह गर्व का विषय है कि पिछले 75 वर्षों से भारत स्काउट्स और गाइड्स युवाओं का मार्गदर्शन कर रहा है और उन्हें राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।' उन्होंने रेखांकित किया,'' सेवा की भावना स्काउट्स और गाइड्स की



सबसे बड़ी ताकत है। चाहे बाढ़ हो, भूकंप हो या कोई महामारी, स्काउट्स और गाइड्स हमेशा सहायता के लिए सबसे आगे रहते हैं। इस संगठन की एक और विशेषता राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है।'' मुर्मू ने युवाओं को सशक्त, संवेदनशील और देश के भविष्य के लिए काम करने के वास्ते प्रतिबद्ध बनाने के लिए भारत स्काउट्स और गाइड्स की सराहना की। मुर्मू ने यह भी कहा, आज भारत में 63 लाख से ज़्यादा स्काउट्स और गाइड्स हैं। भारत स्काउट्स और गाइड्स दुनिया के सबसे बड़े स्काउट्स और गाइड्स संगठनों में से एक है। इस संगठन में गाइड्स यानी लड़कियों की संख्या 25 लाख से ज़्यादा है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अनुशासन, समर्पण और समाज व मानवता के कल्याण का मार्ग चुनने के लिए उन सभी लड़कियों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा, मैं उन सभी बेटियों को बधाई देता हूं जिन्होंने समाज और मानवता की भलाई के लिए अनुशासन, लगन व लगातार तरक्की का रास्ता चुना है। मुर्मू ने कहा, 'स्काउट्स और गाइड्स का आदर्श वाक्य तैयार रहो है। इसका मतलब है कि भविष्य में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।' उन्होंने स्काउट्स और गाइड्स को सलाह दी,'' वे दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ बिना किसी हिचकिचाहट के किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता विकसित करें। उन्होंने कहा कि चाहे वह तकनीकी कौशल हो, संचार कौशल हो, टीम समन्वय हो, समस्या-समाधान कौशल हो या नेतृत्व क्षमता हो, ये सभी उनके जीवन में मददगार साबित होंगे। राष्ट्रपति ने कहा, ''राष्ट्र के युवा इस देश के भविष्य के निर्माता होने के साथ-साथ इसकी महान सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत परंपराओं के संरक्षक भी हैं। एक सशक्त और संवेदनशील व्यक्ति कई अन्य लोगों को सशक्त और संवेदनशील बना सकता है, ठीक वैसे ही जैसे एक दीपक कई अन्य दीपकों को जलाता है।'' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा हमारे राष्ट्र के विकास के लिए खुद को समर्पित करेंगे।

### बिहार : 10 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये भेजे गए

**पटना:** बिहार में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। सहायता राशि का कुल 1,000 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बटन दबाकर यह राशि हस्तांतरित की। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिले भारी जनादेश के बाद राज्य सरकार लगातार महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, 'पूर्ववर्ती सरकारों ने इस दिशा में अपेक्षित काम नहीं किया, जबकि हमारी सरकार निरंतर विकास और सामाजिक उत्थान के प्रयासों में जुटी हुई है।'

## न्यूज अपडेट

### बिहार विधानसभा हुई हाईटेक, हर सीट पर लगा डिजिटल टैब

**पटना:** बिहार विधानसभा को हाईटेक बनाने के तहत सदन की हर सीट पर डिजिटल टैब स्थापित किए गए हैं जिनके माध्यम से सदस्यों को सदन की कार्यवाही से संबंधित जानकारी मिल सकेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, आगामी एक दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले सदन में व्यापक तकनीकी उन्नयन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अब सदन की प्रत्येक सीट पर डिजिटल टैब स्थापित कर दिए गए हैं, जिनके माध्यम से विधायक प्रश्नोत्तर, प्रस्ताव, विधेयकों की प्रतियां तथा अन्य सभी दस्तावेज सीधे टैब पर देख सकेंगे। पेपरलेस कार्यवाही की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में उन्नत माइक्रोफोन सिस्टम भी लगाए गए हैं, ताकि सदन में भाषण और संवाद के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो। अधिकारियों के अनुसार, नए ऑडियो-विजुअल उपकरणों से न केवल कार्यवाही की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि रिकॉर्डिंग प्रणाली भी अधिक सुदृढ़ होगी। इससे सदन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि समय की मांग के अनुरूप विधानसभा के आधुनिकीकरण का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक अब टैब के माध्यम से सभी दस्तावेजों को प्राप्त कर सकेंगे, जिससे प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। चौधरी ने बताया कि नए विधायकों को डिजिटल प्रणाली के प्रभावी इस्तेमाल के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### पुलिस ने प्रतापगढ़ में 10 करोड़ रुपये मूल्य का नशीला पदार्थ जब्त किया, दो गिरफ्तार

**जयपुर :** प्रतापगढ़ जिले में पुलिस ने लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य का सिंथेटिक (एमडी) मादक पदार्थ जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने बताया कि विशेष अभियान 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत विशेष टीम और थाना धोलापानी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर 4 किलो 646 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है। उन्होंने बताया कि जब्त की गई इस सिंथेटिक ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस मामले में दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। आदित्य ने बताया कि शुक्रवार को टीम ने नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोका और उनके बैगों की तलाशी ली जिस दौरान दोनों बैगों से कुल 4 किलो 646 ग्राम एमडी नामक मादक पदार्थ बरामद हुआ। अधिकारी के मुताबिक, आरोपियों ने अपना नाम जतिन मालवीय और जितेंद्र मालवीय बताया। पुलिस ने मादक पदार्थ और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है तथा मामले में आगे जांच की जा रही है।

### वाराणसी जा रही बस में कानपुर में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**कानपुर :**कानपुर में दिल्ली से वाराणसी जा रही एक स्लीपर बस में शुक्रवार को आग लग गई, लेकिन दो पुलिसकर्मियों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो कांस्टेबलों द्वारा चलाए गए बचाव अभियान में सभी 38 यात्रियों को गाड़ी से बाहर निकाल लिया गया। कांस्टेबल बिना किसी सुरक्षा उपकरण के जलती हुई बस में घुसे थे। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि यह घटना सुबह तब हुई जब बस की छत पर रखे सामान से धुआं निकलने लगा। उन्होंने बताया कि कुछ ही मिनटों में आग तेज़ी से फैल गई और पूरी बस इसकी चपेट में आ गई तथा अंदर अफरा-तफरी मच गई और यात्री मदद के लिए चिल्लाने लगे। गुप्ता ने बताया कि कई व्यक्ति घबराहट में खिड़कियों से बाहर कूदने में कामयाब रहे, जबकि कई महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग यात्री अंदर फंस रहे। पुलिस उपायुक्त ने कहा, पास के क्रॉसिंग पर यातायात पुलिस की ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल साहिल खान और पुष्पेंद्र ने बस में लगी आग देखी तो वे उसकी तरफ दौड़े। उन्होंने कहा कि तेज तपिश और घने धुएं के बावजूद, दोनों बस में घुस गए और यात्रियों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। कांस्टेबल साहिल खान ने पत्रकारों को बताया, आग की लपटें पहले ही छत तक पहुंच रही थीं। हम यात्रियों से अपना सामान छोड़ने के लिए कह रहे थे। अगर हम दो मिनट भी देर से पहुंचते, तो कई लोगों की जान जा सकती थी।

### राजस्थान पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया

**गुरुग्राम :** राजस्थान पुलिस ने कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े 6161 गिरोह के सरगना प्रदीप गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गुर्जर गुरुग्राम के सेक्टर 77 में 'एम्मार पाम हिल्स सोसाइटी' में स्थित एक महिला मित्र के अपार्टमेंट में छिपा हुआ पाया गया। एक गुप्त सूचना के बाद,राजस्थान पुलिस की गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एजीटीएफ) ने जाल बिछाकर बृहस्पतिवार रात गुर्जर को पकड़ लिया और उसे वापस राजस्थान ले गई। पुलिस ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम था और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, एजीटीएफ की टीम कई दिनों से गुर्जर को पकड़ने के लिए सक्रिय थी। एजीटीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि राजस्थान के कोटपुतली में रावटो की ढाणी का निवासी गुर्जर 6161 गिरोह का नेतृत्व करता है। उन्होंने बताया कि यह गिरोह मुख्य रूप से राजमार्गों के किनारे होटल मालिकों को निशाना बनाकर उनसे पैसे वसूलता है। अधिकारी ने बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी सचिन थापन के लिए मध्यस्थ के रूप में काम करने वाले गुर्जर के खिलाफ जबरन वसूली, बैंक लूट, डकैती, हत्या और हत्या के प्रयास सहित तीस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### राजस्थान: कार से बाइक सवार लोगों को कुचलने की कोशिश, दूसरे पक्ष ने चलाई गोलियां

**जयपुर :** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अपराधियों के दो गुटों के बीच कथित तौर पर झड़प हुई, जिसमें एक गुट ने तीन बाइक सवारों को कार से कुचलने की कोशिश की। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दूसरे गुट के लोगों ने इन वाहनों पर गोलियां चलाईं। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार सुबह सामने आया। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम को बानसूर शहर के हरसोरा रोड पर हुई, और दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ हत्या की कोशिश के मामले दर्ज करवाए गए हैं।

## जयपुर के रिहायशी इलाके में घूम रहा तेंदुआ पकड़ में आया



**जयपुर :** जयपुर के रिहायशी इलाके में घूम रहे एक तेंदुए को बृहस्पतिवार देर रात चांदपोल इलाके के पास एक दुकान से बेहोश (ट्रैंक्विलाइज) कर पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह तेंदुआ एक आवासीय परिसर में स्थित दुकान के अंदर छिपा हुआ दिखा। दुकानदार ने शटर बंद कर दिया और पुलिस व वन अधिकारियों को सूचित किया। वन विभाग की टीम ने रात करीब 11 बजे उसे पकड़ने का अभियान शुरू किया और लगभग तीन घंटे में वह पकड़ा गया। ऐसा संदेह है कि यह तेंदुआ संजय सर्किल से चांदपोल इलाके में पहुंचा और घर में घुस गया। तेंदुए को बृहस्पतिवार सुबह शास्त्री नगर में और मंगलवार रात विद्याधर नगर इलाके में देखा गया था। जयपुर शहर के रिहायशी इलाकों में इन्हीं दिनों में कई बार तेंदुए घूमते देखे गए हैं। एक सीसीटीवी फुटेज में बुधवार रात को कल्याण कॉलोनी में एक तेंदुआ सड़क पार करते हुए और सीकर हाउस इलाके के पास एक घर की छत पर दिखा। इससे डरे हुए लोग बृहस्पतिवार को अपने घरों के अंदर रहे। वन विभाग की टीमों ने तेंदुए को ढूंढने की कोशिश की लेकिन वह नजर नहीं आया। एक रात पहले विद्याधर नगर इलाके में तेंदुआ घूमता दिखा जिसने कथित तौर पर एक बछड़े का शिकार कर लिया था। बाद में तेंदुए को पानीपेच इलाके में देखा गया। पिछले हफ्ते जयपुर के अति सुरक्षित माने जाने वाले सिविल लाइंस इलाके में एक तेंदुआ देखा गया था। वह एक मंत्री के बंगले और बाद में एक स्कूल के अंदर घूम रहा था। जयपुर शहर के पास तेंदुओं के दो बड़े ठिकाने झालाना और नाहरगढ़ का जंगल है। वन अधिकारियों को संदेह है कि शहर की सीमा के पास इन जंगली इलाकों में कई दर्जन तेंदुए रहते हैं। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि शहरी इलाकों में बार-बार तेंदुए दिखने की वजह तेंदुओं की बढ़ती आबादी, जंगल में शिकार के अवसर कम होना व शहरी सीमा का वन क्षेत्रों तक विस्तार है। जंगल से सटे इलाकों - मालवीय नगर, जगतपुरा, विद्याधर नगर, शास्त्री नगर और जयसिंहपुरा में तेंदुए घूमने की खबरें लगातार आती रहती है।

## भारत ने राक्षसी वृत्ति को आतंकवाद के रूप में माना, उसके खिलाफ लड़ाई जारी : योगी आदित्यनाथ

### लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी ने महाकुंभ की याद दिलाई: आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि लखनऊ में जारी 19वां राष्ट्रीय जंबूरी उन्हें इस साल की शुरुआत में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की याद दिलाता है। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के हीरक जयंती समारोह और 19वें राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने इस आयोजन को युवा ऊर्जा का महाकुंभ बताया और कहा कि इसमें सकारात्मक बदलाव लाने के इच्छुक युवा एकजुट हुए। आदित्यनाथ ने कहा कि जंबूरी का विषय, विकसित भारत, विकसित युवा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि युवाओं, भारत के भविष्य की जीवंत ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करने वाला यह जंबूरी 61 वर्षों के बाद उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने उन्हें इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित प्रयागराज महाकुंभ की याद दिला दी, जिसमें दुनिया भर से 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, इस जंबूरी ने भारत और कई देशों के हजारों युवाओं को शांति, सद्भाव व वैश्विक बंधुत्व की भावना से एकजुट किया।



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत ने आतंकवाद को राक्षसी वृत्ति के रूप में माना है और उसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के सुलतानपुर मार्ग स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग सेंटर गुलजार उपवन में राज्य स्तरीय वार्षिक 'विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान (योग)' समारोह की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शुरुआत किये जाने के मौके पर अपने संबोधन में कहा, 'जीवन का एक पक्ष सकारात्मकता की तरफ ले जाकर अच्छे कार्य की प्रेरणा देता है तो दूसरा पक्ष नकारात्मकता की तरफ लेकर जाता है। भारत की परंपरा ने राक्षसी वृत्ति को आतंकवाद के रूप में माना है और भौतिक-आध्यात्मिक रूप से उसके खिलाफ लड़ाई भी लड़ रहा है।' योगी ने कहा कि 'भारत की ऋषि परंपरा की मान्यता रही है कि व्यक्ति के बंधन और मोक्ष का कारण उसका मन है। सदुरु रविदास जी ने भी कहा था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा, यानी मन की बहिर्मुखी वृत्ति को जो व्यक्ति अंतर्मुखी कर लेगा, वह न केवल आत्मिक संतुष्टि का लाभ प्राप्त कर सकता है, बल्कि विश्व कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर सकता है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'दुनिया में आज जो आतंकवाद, उपद्रव व अराजकता है, इसके पीछे मन की चंचल वृत्तियां हैं। जहां भी अराजकता देखने को मिलती है, उसके पीछे वह बहिर्मुखी वृत्तियां हैं, जो उसे नकारात्मकता की तरफ लेकर जाती हैं।' उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी जी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व संभालने के बाद भारत की योग की विधा को संयुक्त राष्ट्र से मान्यता दिलाकर 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दिलाई थी। पूरा भारत प्रधानमंत्री जी के प्रति हृदय से आभारी है कि उन्होंने ऋषि परंपरा के 'प्रसाद' योग विधा को वैश्विक मान्यता दिलाई।

## झारखंड : हेमंत सोरेन ने दूसरे कार्यकाल की पहली सालगिरह पर 9,000 नियुक्ति पत्र बांटे



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती किये गए 9,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटकर कर शुक्रवार को अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली सालगिरह मनाई। सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में एक समारोह को संबोधित करते हुए दावा किया कि 9,000 नियुक्ति पत्रों के वितरण के साथ, उनकी सरकार ने पिछले एक साल में राज्य के विभागों में 16,000 नौकरियां प्रदान की हैं। सोरेन ने कहा, ''मैं उन सभी को हार्दिक बधाई देता हूं जो आज विभिन्न सरकारी विभागों में शामिल हुए हैं।' उन्होंने दावा किया कि पिछले एक साल में 16,000 सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इनके अलावा, राज्य प्रशासन ने 8,000 युवाओं को गैर-सरकारी नौकरियों से भी जोड़ा है। सोरेन ने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल (2020-2024) के दौरान, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार ने सरकारी विभागों में लगभग 25,000 लोगों को नौकरियां दी थीं और निजी क्षेत्र में 28,000 से अधिक युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित किया था। उन्होंने कहा, 'आप सभी का चयन पूरी तरह से योग्यता के आधार पर हुआ है। आज से सरकार के साथ आपका आजीवन जुड़ाव शुरू हो गया है।' सोरेन ने कहा, '25 साल पुराने इस युवा राज्य में इतने बड़े पैमाने पर नियुक्तियां पहले कभी नहीं देखी गईं।'

## बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से, पटना में धारा 163 लागू

**पटना:** बिहार में नयी सरकार के गठन के बाद आगामी एक दिसंबर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर राजधानी पटना के जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। एक से पांच दिसंबर 2025 तक चलने वाले इस सत्र के दौरान पटना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू रहेगी, जिसके तहत किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, जुलूस और सार्वजनिक विरोध कार्यक्रम पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध प्रभावी होगा। पटना सदर के अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सत्र के दौरान विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन की आशंका रहती है। इस संभावना को देखते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के गैरकानूनी रूप से एकत्र होने, जुलूस, घेराव, धरना या किसी भी प्रकार की आक्रामक गतिविधि प्रतिबंधित रहेगी। आदेश में आग्नेयास्त्र, विस्फोटक सामग्री, फरसा, गड़ासा, भाला, छुरा जैसे हथियारों के साथ घूमने को भी दंडनीय अपराध करार दिया गया है। जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि बिना पूर्व अनुमति के लाउडस्पीकर का इस्तेमाल पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यह आदेश एक दिसंबर से लागू होगा और पांच दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। अधिकारियों के अनुसार, विधानसभा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षाबलों की तैनाती की जाएगी तथा संबंधित मार्गों पर विशेष ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था लागू की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### स्टेशन आधुनिकीकरण में इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और सुविधाओं पर फोकस

**चंडीगढ़, समाज्ञा :** रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को स्टेशन के आधुनिकीकरण की प्रगति और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान रेलवे और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज के राज्य मंत्री रवनीत सिंह, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने कहा, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड-क्लास स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें मॉड्यूलर और प्री-



फैब्रिकेटेड डिजाइन का उपयोग किया गया है। रूफ प्लाजा स्टेशन को पंचकूला और चंडीगढ़ शहर के दो सिरों से जोड़ेगा। 462 करोड़ की लागत से यह कार्य तेजी से चल रहा है। हमारा उद्देश्य स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक और कुशल ट्रैवल हब बनाना है। चंडीगढ़ स्टेशन उत्तर भारत का महत्व-पूर्ण गेटवे होने के कारण हिमाचल प्रदेश और पंजाब के पर्यटकों तथा यात्रियों के लिए सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करता है। इसके पुनर्विकास का लक्ष्य यात्रियों की बढ़ती मांगों को पूरा करते हुए स्टेशन को आधुनिक और सुरक्षित बनाना है। निरीक्षण के पहले, केंद्रीय मंत्री ने मोहाली स्थित सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) का भी दौरा किया और रिव्यू मीटिंग की। उन्होंने बताया कि एससीएल को 4500 करोड़ रुपये के निवेश से आधुनिक और विस्तारित किया जा रहा है, जिसमें नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने रेलवे तकनीकी स्टाफ और एससीएल के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर प्रगति की समीक्षा की और परियोजनाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

## जाति आधारित राजनीति के जरिये समाज को बांटने की कोशिश में विपक्ष, हम महिलाओं और युवाओं के साथ: चिराग

**पटना:** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बिहार में विपक्षी दल जाति और धर्म के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया उनकी पार्टी ने महिलाओं और युवाओं को अपनी राजनीति के केंद्र में रखा है। पासवान ने यह टिप्पणी लोजपा के 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा, विपक्षी दलों ने अपने एमवाई (मुस्लिम-यादव) एजेंडे के जरिए समाज को बांटने का प्रयास किया, जबकि लोजपा (रामविलास) ने एक नए एमवाई समीकरण महिला और युवा को आगे बढ़ाया। चिराग ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए यह बात कही। राजद ने बिहार में 143 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन उसे



केवल 25 सीट पर जीत हासिल हुई। वहीं, लोजपा (रामविलास) ने 28 में से 19 सीटों पर जीत दर्ज की । इसके अलावा पार्टी के चार सांसद हैं। कार्यक्रम में पार्टी के सभी विधायक मौजूद थे। अपनी अनुपस्थिति पर खेद जताते हुए पासवान ने कहा कि आंख में संक्रमण होने के कारण वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने कहा, मैं यहां उपस्थित लोगों से क्षमा चाहता हूं कि कार्यक्रम में नहीं आ पाया। पिछले दो दिन से आंख में संक्रमण है। चिकित्सक ने यात्रा की अनुमति नहीं दी क्योंकि संक्रमण बढ़ रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह अपने दिवंगत पिता राम विलास पासवान की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मेरे पिता ने सामाजिक न्याय और लोगों को समान अधिकार व अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पार्टी की स्थापना की थी। आज जहां भी वे होंगे, इस बात से प्रसन्न होंगे कि हमने पार्टी को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। पासवान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद देते हुए कहा, उनके मार्गदर्शन में हमें इतनी बड़ी जीत मिली। उन्होंने जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमा) समेत गठबंधन साझेदारों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

# भारत शांति में विश्वास करता है लेकिन संप्रभुता और सुरक्षा से समझौता नहीं करता: राजनाथ

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत शांति और वार्ता में विश्वास करता है, लेकिन जब राष्ट्र की संप्रभुता और सुरक्षा की बात आती है, तो वह कोई ''समझौता'' नहीं करता। उन्होंने चाणक्य रक्षा संवाद में कहा, ''भारत की आर्थिक प्रगति, प्रौद्योगिकी क्षमताओं और सिद्धांतों का पालन करने वाली विदेश नीति ने इसे बदलते वैश्विक परिवेश में संतुलन और जिम्मेदारी की आवाज़ बना दिया है, और हिंद-प्रशांत तथा 'ग्लोबल साउथ' के देश हमें एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में देखते हैं।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य ऐसे देशों से है जिनका आर्थिक और



औद्योगिक विकास अपेक्षाकृत कम हुआ है। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता और आतंकवाद, चरमपंथी तत्वों को सीमा पार से समर्थन, यथास्थिति को बदलने के प्रयास, समुद्री क्षेत्र में दबाव और यहां तक कि सूचना युद्ध जैसी चुनौतियों के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है तथा सैन्य सुधार एक विकल्प के बजाय एक रणनीतिक आवश्यकता बनते जा रहे हैं। सिंह ने कहा कि भारत जिम्मेदारी की भावना, रणनीतिक स्वायत्तता और सभ्यतागत मूल्यों में निहित आत्मविश्वास के साथ वैश्विक चर्चाओं को आकार दे रहा है। उन्होंने कहा, ''भारत शांति और संवाद में विश्वास करता है, लेकिन जब बात लोगों की संप्रभुता और सुरक्षा की आती है, तो हम कोई समझौता नहीं करते।'' उन्होंने कहा कि भारत ने अग्रणी सुधारों और राष्ट्रों की संप्रभुता के सम्मान तथा नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति अपने निरंतर रुख के कारण वैश्विक विश्वास अर्जित किया है। रक्षा मंत्री ने कहा, ''हम सुरक्षा और संपर्क को मजबूत करने के लिए सीमा और समुद्री बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहे हैं। हम नये प्लेटफ़ॉर्म और प्रौद्योगिकियों और ढांचों के माध्यम से अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम गति, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए खरीद प्रक्रियाओं में सुधार कर रहे हैं। आत्मनिर्भरता के माध्यम से, हम एक रक्षा औद्योगिक परिवेश का निर्माण कर रहे हैं जो नवाचार को प्रोत्साहित करता है, उद्योग का समर्थन करता है और बाहरी निर्भरता को कम करता है।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के उडुपी में रोडशो किया

**उडुपी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के उडुपी शहर में एक रोडशो किया। मोदी मंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरे और एक विशेष हेलीकॉप्टर से उडुपी के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री यहां 'लक्ष गीता पाठन' में भाग लेने पहुंचे हैं। यह एक सामूहिक पाठ है जिसमें एक लाख से अधिक श्रद्धालु भगवद गीता के श्लोकों का पाठ करेंगे। रोडशो के दौरान अपने वाहन के रनिंग बोर्ड पर खड़े होकर प्रधानमंत्री ने रास्ते में खड़े उत्साही लोगों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। वहां मौजूद लोगों ने उनके काफिले पर पुष्पवर्षा की। मोदी ने भी सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों पर फूल बरसाए। रोडशो के पूरे रास्ते में भगवा रंग के तोरण लगे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झंडे लहरा रहे थे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने प्रस्तुतियां भी दीं और कर्नाटक की जीवंत परंपराओं को प्रदर्शित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी श्री कृष्ण मंदिर में प्रार्थना करेंगे और वह पीठासीन पर्याय स्वामीजी से आशीर्वाद भी प्राप्त कर सकते हैं। यह मोदी का उडुपी का तीसरा और श्री कृष्ण मठ का दूसरा दौरा होगा। मोदी ने पहली बार 1993 में उडुपी की यात्रा की थी और उसके बाद वह 2008 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उडुपी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने श्री कृष्ण मंदिर का दौरा किया था।



### प्रधानमंत्री मोदी पुलिस महानिदेशकों–महानिरीक्षकों के सम्मेलन में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुलिस महानिदेशकों–महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार शाम रायपुर पहुंचे। नवा रायपुर के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में शुक्रवार सुबह शुरू हुआ तीन दिवसीय सम्मेलन 30 नवंबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री 29 और 30 नवंबर को इसमें हिस्सा लेंगे।

## जल्दबाजी में नहीं, पार्टी फैसला करेगी: कर्नाटक में नेतृत्व विवाद पर शिवकुमार

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ चल रहे सत्ता संघर्ष के बीच उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शुक्रवार को कहा कि वह कुछ नहीं चाहते और जल्दबाजी में नहीं हैं। जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से पूछा गया कि क्या वह दिल्ली जाकर पार्टी आलाकमान से मिलेंगे तो उन्होंने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, दिल्ली हमारा मंदिर है। शिवकुमार ने आंगनवाड़ी कार्यक्रम की स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा, मुझे कुछ नहीं चाहिए। मैं जल्दबाजी में नहीं हूं। मेरी पार्टी निर्णय लेगी। इस समारोह में उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ



मंच साझा किया। शिवकुमार ने कहा कि वह एक दिसंबर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा कर सकते हैं। इस की अटकलें लगायी जा रही हैं कि कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को नेतृत्व विवाद सुलझाने के लिए बुलाया है। कर्नाटक सरकार के हाल में अपने कार्यकाल का 50 प्रतिशत समय पूरा करने के बाद यह विवाद और बढ़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी की अपनी यात्रा के बारे में उन्होंने कहा, मैं दिल्ली जा सकता हूं। उन्होंने कहा, वहां मेरे पास बहुत काम है। संसद सत्र नजदीक आ रहा है।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता नवंबर में 15 दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रही

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में नवंबर माह के 15 दिन वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही और अगले सप्ताह भी राजधानीवासियों को इससे राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार को 369 रहा, जबकि बृहस्पतिवार को 377, बुधवार को 327, मंगलवार को 352 और सोमवार को 382 दर्ज किया गया। यह लगातार 15वें दिन 'बहुत खराब' श्रेणी में बना रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर' ऐप के अनुसार, शहर में सर्वाधिक 414 एक्यूआई द्वारका सेक्टर-आठ में दर्ज किया गया। दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक



चेतावनी प्रणाली के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले सप्ताह में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में ही रहने के आसार हैं। 'समीर' ऐप ने यह भी दिखाया कि आरके पुरम, पंजाबी बाग, नेहरू नगर, द्वारका, रोहिणी, जहांगीरपुरी और मुंडका सहित कई केंद्रों में एक्यूआई का स्तर 400 से ऊपर रहा। सुबह के शुरुआती घंटों में 39 निगरानी केंद्रों में से 18 में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51-100 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 401-500 'गंभीर' माना जाता है।

## विदेशी नस्लों के कुत्तों पर रोक लगाई जाए : पेटा इंडिया

**नयी दिल्ली :** पशु अधिकार संगठन 'पेटा इंडिया' ने दिल्ली सरकार से विशेष रूप से आक्रामकता और अवैध लड़ाई के लिए पाले जाने वाले विदेशी नस्लों के कुत्तों को रखने, उनका प्रजनन कराने और बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पेटा इंडिया ने यह अनुरोध दिल्ली में पिटबुल प्रजाति के कुत्ते द्वारा छह साल के बच्चे पर हमला करने और उसे गंभीर रूप से घायल की घटना के बाद किया है। पेटा इंडिया ने दिल्ली के मुख्य सचिव और दिल्ली छावनी बोर्ड के सीईओ को लिखे पत्र में पिटबुल टेरियर, रोटवीलर, पाकिस्तानी बुली कुत्ता, डोगो अर्जेंटीनो, प्रेसा कैनारियो, फिला ब्रासीलीरोस, बुल टेरियर, केन कॉर्सो और एक्सएल बुली जैसी नस्लों पर प्रतिबंध लगाने की अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग को दोहराया। संगठन ने कहा कि इन नस्लों को ''जानबूझकर लड़ाई और हमलों के लिए पाला जाता है'' और अक्सर ''ऐसे खरीदारों को बेच दिया जाता है जो बाद में उन्हें नियंत्रित करने में असमर्थ होते हैं।'' पेटा इंडिया ने राजधानी में पालतू जानवरों की अवैध दुकानों और प्रजनन केंद्रों को बंद करने के लिए पशु क्रूरता निवारण (पालतू जानवरों की दुकान) नियम, 2018 और कुत्ता प्रजनन और विपणन नियम, 2017 को सख्ती से लागू करने की भी मांग की।

## हरिद्वार अर्ध कुंभ-2027 पूर्ण कुंभ की तरह भव्य रूप से मनाया जाएगा, संतों के शाही स्नान भी होंगे

**हरिद्वार :** उत्तराखंड में 2027 में होने वाले हरिद्वार अर्ध कुंभ मेले को पूर्ण कुंभ की तरह दिव्य और भव्य रूप से मनाया जाएगा और अर्ध कुंभ के दौरान पहली बार साधु-संत के साथ शाही स्नान करेंगे। शुक्रवार को यहां गंगा तट पर साधु-संतों के सभी 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की। उन्होंने पूर्ण कुंभ की तर्ज पर मनाए जाने वाले अर्ध कुंभ में तीन अमृत (शाही) स्नान सहित कुल 10 स्नान पर्वों की तिथियों की भी घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने सभी 13 अखाड़ों के महंतों और संतो को सम्मानित भी किया। संतों ने मुख्यमंत्री के फैसले को संस्कृति के संरक्षण के लिए उठाया गया कदम



बताते हुए उसकी सराहना की और मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया। हरिद्वार अर्ध कुंभ 2027 में जनवरी से अप्रैल तक चार महीने तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड को आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित किए जाने के आह्वान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार 2027 हरिद्वार अर्धकुंभ के विशाल धार्मिक आयोजन को पूर्ण कुंभ की तरह ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में जुट गई है।

## जम्मू कश्मीर: पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और आतंकवादियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने अवंतीपोरा में सुरक्षाबलों के साथ मिलकर आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और उनके एक सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी त्राल और अवंतीपोरा क्षेत्रों में सक्रिय जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान करने और हथियार एवं गोला-बारूद पहुंचाने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के नानेर मिदूरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी के दौरान जैश-ए-मोहम्मद से संबद्ध नाजीर अहमद गनई को गिरफ्तार किया गया जो आतंकवादियों का सहयोगी है। वह मोहल्ला नानार का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि लगातार पूछताछ के दौरान किए गए खुलासे के आधार पर, आतंकवादियों के एक ठिकाने का पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बलों ने ठिकाने से दो हथगोले, एक डेटोनेटर और विस्फोटक जैसी सामग्री बरामद की, जिन्हें जब्त कर लिया गया तथा ठिकाने को नष्ट कर दिया गया।

## मेजर मोहित शर्मा के अभिभावक ने फिल्म 'धुंरधर' पर रोक के लिए अदालत का रुख किया

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान शहीद हुए मेजर मोहित शर्मा के माता-पिता ने रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उनका दावा है कि यह फिल्म सीधे तौर पर मेजर मोहित शर्मा के जीवन से प्रेरित लगती है और इसे परिवार या सेना की सहमति के बिना बनाया गया है। यह फिल्म पांच दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जानी है। याचिका में कहा गया है कि फिल्म का ट्रेलर, दृश्य प्रस्तुति, चरित्र डिजाइन, सैन्य सेटिंग और कथा स्पष्ट रूप से मेजर शर्मा के वास्तविक जीवन के अभियानों और बलिदान को प्रतिबिंबित करती है, जिन्होंने 2009 में जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। इसमें कहा गया है कि यह फिल्म मेजर शर्मा के जीवन, व्यक्तित्व, गुप्त अभियानों और शहादत से सीधे प्रेरित प्रतीत होती है, तथा इसके लिए परिवार या भारतीय सेना से कोई सहमति, परामर्श, सत्यापन या पूर्व अनुमति नहीं ली गई है। परिवार ने दलील दी है कि बिना अनुमति के ऐसा चित्रण उनकी निजता, गरिमा, प्रतिष्ठा तथा संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत शहीद के मरणोपरांत व्यक्तित्व के अधिकार का उल्लंघन करता है।

## पूर्वोत्तर भारत में उभयचरों की 13 नयी प्रजातियों की खोज: वैज्ञानिक

**शिलांग :** भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) के शोधकर्ताओं ने बताया कि वैज्ञानिकों ने पूर्वोत्तर भारत में उभयचरों (एम्फिबियन) की 13 नयी प्रजातियों की खोज की है। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से छह प्रजातियां अरुणाचल प्रदेश में, तीन मेघालय में, और एक-एक असम, मिजोरम, नगालैंड तथा मणिपुर में पाई गई हैं। यह अध्ययन 2019 से 2024 के बीच 'नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी' और मेघालय जैव विविधता बोर्ड के सहयोग से किया गया। 'आर. लॉन्गतालाइन्सिस' (मिजोरम), 'आर. बारकेंसिस' (असम), 'आर. नरपुहेन्सिस' और 'आर. बाउलेंगारी' (मेघालय), 'आर. मोनोलीथस' (मणिपुर), 'आर. खोनोमा' (नागालैंड) और अरुणाचल प्रदेश से 'आर. ईगलनस्टेन्सिस', 'आर. मैग्नस' तथा 'आर. नासुटा' जैसी ये सभी प्रजातियां 'रावोर्चेस्टेस' जीनस से संबंधित हैं। यह खोज डब्ल्यूआईआई के पीएचडी शोधार्थी बितुपन बरुआ और हर्पेटोलॉजिस्ट डॉ. अभिजीत दास और 'नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम', लंदन के डॉ. दीपक वीरप्पन के नेतृत्व में किए गए एक प्रमुख वर्गीकरण अध्ययन का परिणाम है। इस अध्ययन में नयी प्रजातियों की पहचान के लिए आनुवंशिकी और ध्वनि विश्लेषण का उपयोग किया गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह खोज पूर्वोत्तर की छिपी हुई जैव विविधता का दस्तावेजीकरण करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो वैश्विक जैव विविधता के दो 'हॉटस्पॉट' का हिस्सा है।

## कपिल शर्मा के कनाडा स्थित रेस्तरां पर हुई गोलीबारी में शामिल मुख्य षड्यंत्रकारी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने हास्य कलाकार कपिल शर्मा के कनाडा स्थित रेस्तरां पर सात अगस्त को हुई गोलीबारी में शामिल एक कथित मुख्य षड्यंत्रकारी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के करीबी बंधु मान सिंह को 25 नवंबर की देर रात एक अभियान के दौरान पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया गया। उसने बताया कि सिंह के कब्जे से एक आधुनिक 'पीएक्स-3 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल' (चीन निर्मित) और आठ कारतूस बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) संजीव



कुमार यादव ने एक बयान में कहा, ''सिंह ने कैप्स कैफे पर हमले में शामिल शूटरों को हथियार और अन्य सहायता प्रदान की थी।'' यादव ने कहा कि कनाडा की सरे पुलिस द्वारा कार्रवाई तेज करने पर हमलों में मुख्य षड्यंत्रकारी की भूमिका में रहा सिंह 23 अगस्त को कनाडा से फरार हो गया। कनाडा पुलिस ने उसके कई सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। यादव ने बताया कि दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि सिंह लुधियाना में छिपा है। उन्होंने बताया कि वह अपराध शाखा में दर्ज एक अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी मामले में भी वांछित था। उन्होंने बताया, ''इससे पहले, उसके दो साथियों - मंदीप सिंह और दलविंदर कुमार - को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था और उनके कब्जे से आठ विदेशी पिस्तौल बरामद की गई थीं। पूछताछ के दौरान, उन्होंने खुलासा किया कि खेप में से एक हथियार सिंह तक पहुंचाया गया था।''

## पीएनबी घोटाला: अदालत ने एफईओ कार्यवाही खत्म करने की मेहुल चोकसी की याचिका खारिज की

**मुंबई :** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी को झटका देते हुए यहां की एक विशेष अदालत ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित करने की कार्यवाही रद्द करने की उसकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इस वर्ष अप्रैल में बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद, हीरा कारोबारी चोकसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के समक्ष याचिका दायर कर उसे एफईओ घोषित करने संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आवेदन को खारिज करने का अनुरोध किया था। फरार कारोबारी चोकसी ने दलील दी थी कि वह वर्तमान में, भारत में लंबित मामलों के लिए हिरासत में है, जिसके लिए बेल्जियम में भारतीय अधिकारियों द्वारा प्रत्यर्पण का अनुरोध किया गया था। इसलिए, उसे भगोड़ा आर्थिक



अपराधी घोषित करने के लिए ईडी द्वारा दायर आवेदन खारिज किए जाने योग्य है क्योंकि वह पहले से ही भारत में मामलों के लिए हिरासत में है। ईडी ने उसकी याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि चोकसी (66) भारत नहीं लौटना चाहता क्योंकि वह बेल्जियम में अपने खिलाफ शुरू की गई प्रत्यर्पण कार्यवाही का विरोध कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ : बस्तर में 25 लाख रुपये के इनामी माओवादी नेता समेत 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**जगदलपुर :** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में 'पूना मारगेम: पुनर्वास से पुनर्जीवन' पहल के अंतर्गत दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) के वरिष्ठ सदस्य चैतू उर्फ श्याम दादा समेत कुल 65 लाख रुपये के इनामी 10 माओवादियों ने शुक्रवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में आज 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले डीकेएसजेडसी सदस्य चैतू उर्फ श्याम दादा के सिर पर 25 लाख रुपये तथा डिविजनल कमेटी सदस्य सरोज उर्फ मल्कू सोढ़ी के सिर पर आठ लाख रुपये का इनाम है।

### नक्सलवाद, पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर की समस्याओं का स्थायी समाधान मोदी सरकार ने दिया: अमित शाह

**रायपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 40 वर्षों से देश के लिए नासूर बने तीन 'हॉटस्पॉट'- नक्सलवाद, पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर की समस्या के निराकरण का मोदी सरकार ने स्थायी समाधान दिया है, और जल्द ही ये देश के बाकी हिस्सों जैसे बन जाएंगे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में पुलिस महानिदेशकों-महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन समस्याओं के समाधान, चुनौतियों और रणनीतियों पर चर्चा से आगे बढ़कर आंतरिक सुरक्षा के नीति-निर्धारण का प्रमुख मंच बन गया है। शाह ने कहा कि देश पिछले 40 वर्षों से नक्सलवाद की समस्या का सामना कर रहा है।

### वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश विवाद को लेकर हिंदू समूह शनिवार को प्रदर्शन करेंगे

**जम्मू :** श्री माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज को अल्पसंख्यक संस्थान घोषित करने और संस्थान की प्रवेश सूची को रद्द करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति (एसएमवीएसएस) जम्मू में शनिवार को विरोध प्रदर्शन करेगी। एसएमवीएसएस कई संगठनों का समूह है। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है, जब मुस्लिम समुदाय के 42 विद्यार्थियों, एक सिख और सात हिंदू उम्मीदवारों ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए स्वीकृत 50 एमबीबीएस सीट में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। एसएमवीडी श्राइन बोर्ड के स्वामित्व वाली 34 एकड़ भूमि पर निर्मित इस चिकित्सा संस्थान को इस वर्ष आठ सितंबर को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए 50 एमबीबीएस सीट पर दाखिला लेने की अनुमति दी थी।

## विंजो के प्रवर्तकों ने गेमर्स को धोखा देने के लिए 'भ्रामक' एल्गोरिद्म का इस्तेमाल किया: ईडी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया है कि ऑनलाइन गेमिंग मंच विंजो के प्रवर्तकों ने एक भ्रामक एल्गोरिद्म का इस्तेमाल कर असली गेमर्स को धोखा दिया, जिससे लगभग एक वर्ष में 177 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। संघीय जांच एजेंसी ने बुधवार को कंपनी के सह-संस्थापकों सौम्या सिंह राठौर और पवन नंदा को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बेंगलुरु में गिरफ्तार किया। एक अदालत ने बृहस्पतिवार को दोनों को दस दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने अदालत को बताया कि आरोपियों ने अपनी कंपनी विंजो गेम्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से पीपीपी नामक एक गुप्त और भ्रामक एल्गोरिद्म का इस्तेमाल किया और अनैतिक तथा प्रतिबंधात्मक व्यावसायिक प्रथाओं में लिप्त रहे। जांच में यह भी पाया गया कि कंपनी और उसके निदेशकों ने इस भ्रामक पीपीपी एल्गोरिद्म का उपयोग करके असली गेमर्स को धोखा दिया तथा मई 2024 से अगस्त 2025 के बीच कम से कम 177 करोड़ रुपये की अवैध धनराशि अर्जित की। एजेंसी के अनुसार, निदेशकों ने इस अवैध कमाई को अपनी विदेशी सहयोगी कंपनियों में स्थानांतरित किया और इस प्रकार वे धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के अपराध के दोषी हैं। विदेशी संस्थाओं को भेजी गई राशि का अनुमान 5.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (489.90 करोड़ रुपये) लगाया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली: 12 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, तस्करी से जुड़े 40 विदेशी नागरिक पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में तीन विदेशी नागरिकों समेत मादक पदार्थों के 10 तस्करों को एक नेटवर्क संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह गिरोह कूरियर सेवाओं के माध्यम से तेलंगाना में मादक पदार्थों की आपूर्ति करता था। पुलिस के अनुसार, मुख्य रूप से अफ्रीकी नागरिकों द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय तस्करी गिरोह कमीजों के कॉलर में प्रतिबंधित सामग्री छिपाकर रखता था। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले 24 घंटे में दिल्ली और तेलंगाना पुलिस ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर संयुक्त छापेमारी की।

### राजेश अग्रवाल महाराष्ट्र के नए मुख्य सचिव नियुक्त

**मुंबई :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी राजेश अग्रवाल को शुक्रवार को महाराष्ट्र का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। उन्होंने राजेश कुमार की जगह ली है, जिनका तीन महीने का सेवा विस्तार इसी महीने के अंत में समाप्त होगा। महाराष्ट्र कैडर के 1989 बैच के अधिकारी अग्रवाल फिलहाल सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) में अतिरिक्त मुख्य सचिव (प्रशासनिक नवाचार, उत्कृष्टता और सुशासन) के पद पर कार्यरत हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, वह तत्काल प्रभाव से मुख्य सचिव का कार्यभार संभालेंगे। उनका कार्यकाल एक वर्ष का होगा। अग्रवाल इससे पहले राज्य और केंद्र, दोनों स्तरों पर कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं, जिनमें वित्त, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रशासनिक सुधार जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### वायु प्रदूषण : उच्च न्यायालय ने निर्माण स्थलों की सख्त निगरानी का आदेश दिया, समिति गठित की

**मुंबई :** मुंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि खराब वायु गुणवत्ता से निपटने में कुछ समय लगेगा, लेकिन अगर दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए तो शहर में निर्माण गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण से निपटा जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अनखड की पीठ ने एक स्वतंत्र पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है, ताकि निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया जा सके और यह पता लगाया जा सके कि दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है या नहीं। समिति में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी), महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) और राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। मुंबई में बिगड़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पर चिंता जताने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने बीएमसी और एमपीसीबी को निर्देश दिया कि वे पिछले साल उठाए गए कदमों के बारे में 15 दिसंबर तक कार्रवाई रिपोर्ट पेश करें।

### 'एशिया पावर इंडेक्स' में भारत ने 'प्रमुख शक्ति' का दर्जा प्राप्त किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में अपने प्रदर्शन के आधार पर आर्थिक विकास और सैन्य क्षमता के कारण 'एशिया पावर इंडेक्स-2025' में प्रमुख शक्ति का दर्जा हासिल कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया स्थित विशेषज्ञों की संस्था 'लोवी इंस्टीट्यूट' ने शुक्रवार को यह बात कही । बहरहाल, भारत की आकांक्षों और इसके प्रभावों की लगातार सीमाएं बने रहने के बीच अंतर मौजूद है, विशेषकर चीन के संदर्भ में। भारत वार्षिक 'एशिया पावर इंडेक्स'-2024 में 38.1 समग्र पावर अंकों के साथ मध्य शक्तियों के बीच था जो अब मामूली रूप से बढ़कर 40 अंक हो गया। इस बढ़त ने उसे प्रमुख शक्ति की दहलीज पर पहुंचा दिया है। सूचकांक में भारत अमेरिका (80.5 अंक) और चीन (73.7 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर है। जापान 38.8 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। भारत दो मानकों (आर्थिक क्षमता और भविष्य के संसाधनों) के आधार पर तीसरे स्थान पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम सम्मानित

**नयी दिल्ली:** पहले दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक खिताबी जीत दर्ज करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को शुक्रवार को यहां नोरा सोलोमन फाउंडेशन ने सम्मानित किया। फाउंडेशन ने बयान में कहा, ''खेल के जरिए सभी को साथ लेकर चलने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए चिटेल्स समूह ने पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम का समर्थन किया और भारतीय टीम के प्रत्येक सदस्य को एक लाख रुपये की इनामी राशि दी।'' बयान के अनुसार, 'समूह का कारपोरेट सामाजिक दायित्व विभाग नोरा सोलोमन फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज कल्याण में पहल जारी रखे हुए है।' कप्तान दीपिका टीसी की अगुआई में भारतीय टीम ने छह देशों के टूर्नामेंट में दबदबा बनाते हुए खिताब जीता। टूर्नामेंट में भारत के अलावा नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीम ने हिस्सा लिया।

### धुल की धमाकेदार पारी से दिल्ली ने तमिलनाडु को हराया

अहमदाबाद में खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 के ग्रुप डी मैच में दिल्ली ने तमिलनाडु को छह विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। दिल्ली के युवा बल्लेबाज यश धुल ने 46 गेंदों में 71 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए जीत की नींव रखी। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 198 रन बनाए। तुषार रहेजा (72) और अमित सा-त्विक (54) ने 115 रन की सा-झेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दिल्ली के प्रिंस यादव ने तीन विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत शानदार रही। धुल ने प्रियांश आर्य, नीतिश राणा और आयुष बदोनी के साथ मिलकर तीन महत्वपूर्ण अर्धशतकीय साझेदारियाँ कीं, जिससे दिल्ली मैच में लगातार मजबूत होती गई। अंतिम ओवर में दिल्ली को 12 रन चाहिए थे और आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी।

# रांची वनडे : पंत-राहुल की भूमिका और ऑलराउंडर की जंग पर टिकी रहेंगी निगाहें



**रांची :** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रांची में होने वाले पहले एकदिवसीय मैच से पहले भारतीय टीम चयन को लेकर कई पेचीदगियों से गुजर रही है। सबसे बड़ी चर्चा इस बात पर है कि क्या ऋषभ पंत को अंतिम एकादश में जगह मिल पाएगी, विशेषकर तब जब कप्तान लोकेश राहुल स्वयं विकेट कीपिंग का विकल्प हैं। पंत की बल्लेबाजी शैली को लेकर गुवाहाटी टेस्ट के बाद आलोचना जरूर हुई, लेकिन वह बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में भारतीय मध्यक्रम को महत्वपूर्ण संतुलन दे सकते हैं। अगर राहुल कीपिंग करते हैं तो टीम प्रबंधन के सामने पंत को केवल बल्लेबाज के रूप में खिलाने की रणनीतिक चुनौती होगी। दोनों को एक साथ खिलाना संभव है, लेकिन इसके लिए भारत को लंबे बल्लेबाजी क्रम की आवश्यकता को ध्यान में रखना होगा, खासकर रांची की ठंडी शाम में लक्ष्य का पीछा करने की स्थिति में। दूसरा बड़ा फैसला अतिरिक्त ऑलराउंडर को लेकर होगा, जहां नितीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर के बीच कड़ा मुकाबला है। रांची की पिच स्पिनरों के अनुकूल मानी जाती है, लेकिन शुरुआती सर्दी और पिच पर हल्की घास तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की उपयोगिता बढ़ा देती है। वाशिंगटन पावरप्ले में नियंत्रण और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी का विकल्प देते हैं, जबकि रेड्डी डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाने और मध्यम गति से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। तेज गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा को उतारने की संभावना है। स्पिन में कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई का संयोजन तब सामने आएगा जब सुंदर प्लेइंग-इलेवन में नहीं होंगे।

## भारतीय ड्रेसिंग रूम में लय वापस लाने पर ध्यान: मोर्ने मोर्कल



**रांची:** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली करारी हार से उबरने की कोशिश कर रही भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि टीम को अब तुरंत तैयार होकर सफेद गेंद के क्रिकेट पर ध्यान लगाना होगा क्योंकि आत्मविश्वास से भरी मेहमान टीम से मुकाबला करने के लिए लय हासिल करना बेहद जरूरी है। भारत को कोलकाता और गुवाहाटी में दो टेस्ट हारकर 0-2 से शर्मनाक हार मिली है और अब टीम इसी प्रतिद्वंद्वी से तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। रविवार को होने वाले श्रृंखला के पहले मैच से पहले मोर्कल ने स्वीकार किया कि टेस्ट से सफेद गेंद के क्रिकेट में तेजी से बदलाव मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन टीम इसके लिए तैयार है। मोर्कल ने जेएससीए स्टेडियम में टीम के पहले अभ्यास सत्र से पहले कहा, 'पिछले दो हफ्ते हमारे लिए निराशाजनक थे लेकिन अब हम चीजों पर विचार करने के लिए कुछ दिन मिले हैं।'

## उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम

**नयी दिल्ली:** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम 29 नवंबर और दो दिसंबर को तमिलनाडु के महाबलीपुरम स्थित एफसी मद्रास अकादमी में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान आयोजित किए जा रहे दोनों मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे और भारतीय समयानुसार शाम पांच बजे से शुरू होंगे। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने इन दो मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। ये दोनों मैच 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम को एशियाई कप के ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। उज्बेकिस्तान भी इसी टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर चुका है और उसे ग्रुप बी में डीपीआर कोरिया, कोरिया गणराज्य और जॉर्डन के साथ रखा गया है। भारतीय टीम 11 नवंबर से एफसी मद्रास अकादमी में ट्रेनिंग कर रही है। पिछले महीने भारतीय टीम ने कजाखस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ शिमकेंट में दो दोस्ताना मैच खेले थे जिनमें उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और एक मैच 1-1 की बराबरी पर छूटा था।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक से आगे ले जाना है नीवा का लक्ष्य



**नयी दिल्ली:** भारतीय महिला मुक्केबाजी के नव नियुक्त मुख्य कोच सैंटियागो नीवा का मानना है कि मौजूदा टीम में काफी प्रतिभा है और उनका लक्ष्य 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में कांस्य पदक से आगे बढ़कर इतिहास रचना है। नीवा पहले 2017 से 2022 तक भारत के 'हाई परफॉर्मेंस' निदेशक के तौर पर काम कर चुके हैं जिसमें उन्होंने ज्यादातर काम पुरुष टीम के साथ किया था और अब उन्हें महिला टीम का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। नीवा ने ऑस्ट्रेलिया से पीटीआई को बताया, 'भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम बहुत मजबूत है और मुझे लगता है कि ओलंपिक पदक जीतना बहुत जरूरी है। मैंने सोचा कि महिला टीम में काफी प्रतिभा है तो मैं वहां योगदान देना चाहूंगा ताकि हम लॉस एंजिलिस में इतिहास बना सकें और कांस्य पदक से आगे जा सकें।' अब तक सिर्फ तीन भारतीय मुक्केबाजों ने ओलंपिक पदक जीते हैं जिसमें विजेंदर सिंह (2008), एमसी मैरीकॉम (2012) और लवलीना बोरगोहेन (2020) को कांस्य पदक मिले हैं। पेरिस ओलंपिक से भारतीय मुक्केबाज खाली हाथ लौटे थे। उनके मार्गदर्शन में अमित पंघाल ने पुरुषों की विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला और एकमात्र रजत पदक जीता था जबकि टोक्यो ओलंपिक में अब तक सबसे ज्यादा भारतीय मुक्केबाजों की हिस्सेदारी थी। वह एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े टूर्नामेंट के 2026 सत्र से पहले जुड़ रहे हैं तो उनके एजेंडे में सबसे पहली चीज चयन नीति को समझना होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे यह देखना होगा कि वे किस मॉडल का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह कैसे काम करता है।

## आयुष म्हात्रे अंडर-19 एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे

**नयी दिल्ली:** उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को शुक्रवार को आगामी अंडर-19 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। टीम में आक्रामक किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी जगह मिली है जबकि 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में 50 ओवरों के प्रारूप में खेले जाने वाले इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए विहान मल्होत्रा को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु-प्रारूप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी-फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा। चौदह साल के सूर्यवंशी ने हाल ही में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 32 गेंद में शतक जड़ा था। 42 गेंद में 144 रन की ताबड़तोड़ पारी के दौरान वह पुरुष टी20 प्रारूप में तीसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे।

### भारत पांच मैचों की महिला टी20 श्रृंखला के लिए दिसंबर में श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली:** भारतीय महिला टीम 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ निर्धारित मैच दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला मैच होगा। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने पांच मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला विशाखापत्तनम में शुरू होगी और शेष मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।' पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय महिला टीम को इसी दौरान बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेना था।श्रीलंका की टीम 2016

## मेस्सी ने अगले महीने भारत दौरे में हैदराबाद की पुष्टि की



**नयी दिल्ली:** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अगले महीने होने वाले 'जीओएटी भारत दौरे 2025' के कार्यक्रम में हैदराबाद को शामिल करने की पुष्टि कर दी है। हैदराबाद भारत में उनका चौथा पड़ाव होगा। विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी दौरे की शुरूआत कोलकाता चरण से करेंगे और फिर हैदराबाद में होंगे। इसके बाद वह मुंबई और नयी दिल्ली जाएंगे जहां उनके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने की उम्मीद है। मेस्सी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया, 'भारत से मिले प्यार के लिए धन्यवाद। 'जीओएटी भारत दौरा' कुछ ही हफ्तों में शुरू हो रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद को मेरे कोलकाता, मुंबई और दिल्ली दौरे में जोड़ दिया गया है। जल्द ही मिलते हैं इंडिया।' हैदराबाद को जोड़ने का फैसला अर्जेंटीना के कोच्चि में प्रस्तावित दोस्ताना मैच के रद्द होने के बाद किया गया। इस मैच की घोषणा केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने की थी जो 17 नवंबर को होना था। बदले हुए कार्यक्रम से यह पक्का हो गया कि अब मेस्सी देश के चारों कोनों पूर्व (कोलकाता), दक्षिण (हैदराबाद), पश्चिम (मुंबई) और उत्तर (दिल्ली) जायेंगे। इस दौरे के आयोजक सताद्रू दत्ता ने पीटीआई से कहा था कि हैदराबाद में मेस्सी का कार्यक्रम या तो गाचीबावली या राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। दत्ता के मुताबिक हैदराबाद में एक सेलिब्रिटी मैच, फुटबॉल क्लिनिक, सम्मान और संगीत कार्यक्रम होगा। मेस्सी 13 दिसंबर को कोलकाता से हैदराबाद जायेंगे और 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे। वह 15 दिसंबर को दिल्ली में अपना दौरा खत्म करेंगे।

## विश्व चैंपियन तीरंदाज अदिति स्वामी ने स्वर्ण जीता, नटराज का पूल में दबदबा



**जयपुर:** शिवाजी यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहीं विश्व चैंपियन तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों (केआईयूजी) के पांचवें दिन कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। पूल में ओलंपियन श्रीहरि नटराज और भव्या सचदेवा ने बेंगलुरु की जैन यूनिवर्सिटी को दबदबा बनाए रखने में मदद की जिससे तैराकी स्पर्धा अभियान 27 स्वर्ण पदक के साथ खत्म हुआ। यूनिवर्सिटी ने तैराकी की नौ स्पर्धाओं में आखिरी दिन सात स्वर्ण पदक जीते। जैन यूनिवर्सिटी 45 पदक (27 स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी 22 स्वर्ण के साथ दूसरे और गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी 21 स्वर्ण पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। उन्नीस साल की अदिती ने जिन भी खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लिया है, उन सभी में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर केआईसूजी में शानदार शुरुआत की। नटराज पूल में आखिरी दिन के स्टार रहे।



## अमेरिका, यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर सक्रियता से बातचीत कर रहा है भारत: गोयल



**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस समय अमेरिका और यूरोपीय संघ सहित कई व्यापारिक साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत इन समझौतों के जरिये अपने 'विश्वसनीय'' व्यापारिक साझेदारों के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। मंत्री ने कहा, 'हम सभी ने व्यापार को हथियार बनते देखा है। हम सभी ने दुनिया भर में विश्वसनीय साझेदारों के महत्व को देखा है।'' यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका द्वारा शुल्क में भारी बढ़ोतरी ने वैश्विक व्यापार को बाधित कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन ने 27 अगस्त से अमेरिकी बाजारों में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इसमें रूस से तेल खरीद को लेकर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस समय भारत, अलग-अलग देशों और करीब 50 राष्ट्र समूहों के साथ बातचीत कर रहा है। भारत, ओमान के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है। साथ ही बहरीन तथा कतर भी बातचीत में शामिल होना चाहते हैं। मंत्री ने बताया कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) भी व्यापार समझौते पर वार्ता को इच्छुक है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाती है जीडीपी वृद्धि: सीतारमण



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि यह दर्शाती है कि सुधारों और राजकोषीय मजबूती ने भारतीय अर्थव्यवस्था को ठोस वृद्धि और रफ्तार दी है। सीतारमण ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, विभिन्न आर्थिक संकेतक भी निरंतर आर्थिक गति और व्यापक आधार पर खपत में वृद्धि की पुष्टि करते हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था ने सितंबर तिमाही में अनुमानों से अधिक 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो कि पिछली छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। इस वृद्धि में जीएसटी दर कटौती के बाद उत्पादन में बढ़ोतरी की अहम भूमिका रही। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिआ मंच 'एक्स' पर लिखा, जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत वृद्धि और रफ्तार को दर्शाते हैं। 8.2 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के साथ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इसके साथ चालू वित्त वर्ष में की पहली छमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी के आकार में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सीतारमण ने कहा कि यह वृद्धि लगातार राजकोषीय मजबूती, लक्षित सार्वजनिक निवेश और उत्पादकता बढ़ाने वाले एवं कारोबारी सुगमता लाने वाले विभिन्न सुधारों के कारण संभव हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार इस वृद्धि की गति बनाए रखने और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने वाले सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मोहाली स्थित सेमी कंडक्टर लेबोरेटरी को 4,500 करोड़ रुपये से आधुनिक बनाएगी सरकार: वैष्णव



**मोहाली:** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अगले तीन साल में सरकारी चिप कंपनी सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) को आधुनिक बनाने के लिए 4,500 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अंतर्गत आने वाली स्वायत्त संस्था सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) देश की एकमात्र एकीकृत डिवाइस विनिर्माण सुविधा है, जो एप्लीकेशन स्पेसिफिक इंटीग्रेटेड सर्किट्स (एएसआईसीएस), ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों और माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल प्रणाली (एमईएमएस) उपकरणों के विकास के लिए सभी समाधान मुहैया कराती है। मंत्री ने कहा कि विस्तार के लिए केंद्र ने पंजाब सरकार से 25 एकड़ जमीन देने का अनुरोध किया है। वैष्णव यहां 'डिवाइस हैंडओवर' समारोह में कहा, 'अगले तीन साल में 4,500 करोड़ रुपये के निवेश से एससीएल को आधुनिक बनाया जाएगा।' उन्होंने कहा कि एससीएल सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इस सुविधा के निजीकरण का कोई सवाल ही नहीं है। मंत्री ने कहा कि एससीएल में उत्पादन को 100 गुना बढ़ाने की जरूरत है। 'तकनीक में बड़ा बदलाव लाना होगा। यहां दशकों पुरानी तकनीक है, हमें बड़ी छलांग लगानी है। एससीएल मोहाली स्टार्टअप को भी बढ़ावा देगा।'

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटकर 688.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 4.47 अरब डॉलर घटकर 688.10 अरब डॉलर रहा। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार के मूल्य में भारी गिरावट के कारण मुद्रा भंडार में कमी आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.58 अरब डॉलर हो गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.69 अरब डॉलर घटकर 560.6 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.67 अरब डॉलर घटकर 104.18 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 8.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.57 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का आरक्षित भंडार 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.76 अरब डॉलर रहा।

## शेखावत ने मजबूत, भविष्य के लिए तैयार पर्यटन अर्थव्यवस्था बनाने की वकालत की



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को एक ऐसी वैश्विक प्रतिस्पर्धी पर्यटन अर्थव्यवस्था बनाने की वकालत की जो मजबूत, भविष्य के लिए तैयार, प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत और एक उभरती हुई वैश्विक ताकत के तौर पर अपनी आंकाक्षाओं से 'गहराई से जुड़ी' हो। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, 'हम एक ऐसा भविष्य बनाएं जहां प्राचीन एवं शाश्वत, आधुनिक और गतिशील भारत दुनिया की सबसे पसंदीदा जगहों में से एक बने।' वह यहां भारत मंडपम में आयोजित फिक्की की 98वीं वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन के एक सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, 'संस्कृति और पर्यटन दो समानांतर राह नहीं हैं, वे एक ही मूल्य शृंखला के ऐसे खंभे हैं जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता। संस्कृति, सभ्यता की याद को संभालकर रखता है, और पर्यटन उस याद को अनुभव, उद्यम और आर्थिक मूल्य में बदल देता है।'

## पश्चिमी देशों की कंपनियों के रूस से बाहर जाने से भारतीय उद्योगों के लिए काफी अवसर: फियो अध्यक्ष

**नयी दिल्ली:** भारतीय निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिमी कंपनियों के रूस से बाहर जाने से भारतीय कंपनियों के लिए वहां काफी अवसर है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन्स (फियो) ने यह भी कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चार दिसंबर से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा और उसके साथ आयोजित होने वाले भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को मजबूत करने का अवसर है। वर्ष 2021 से पिछले चार साल में भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार पांच गुना से अधिक बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 68.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें भारत का निर्यात 4.88 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात (मुख्यतः कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद एवं उर्वरक) 63.84 अरब डॉलर का था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अगस्त अवधि में भी आयात 26.45 अरब डॉलर तथा निर्यात 1.84 अरब डॉलर रहा। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि हालांकि व्यापार में यह उल्लेखनीय वृद्धि ऊर्जा एवं कच्चे माल पर आधारित है और व्यापार असंतुलन रूस के पक्ष में काफी बढ़ गया है, फिर भी भारतीय निर्यातकों के लिए काफी संभावनाएं मौजूद हैं। रल्हन ने कहा, 'पश्चिमी कंपनियों के रूस से बाहर जाने से जो स्थान खाली हुआ है, उसे भारतीय कंपनियां भर सकती हैं। दवाइयां, इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद, मोटर गाड़ियां एवं उनके पुर्जे तथा सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं की रूस में भारी मांग है।'

## न्यूज अपडेट

### निवेशकों की सतर्कता से सेंसेक्स-निफ्टी सपाट बंद

**मुंबई:** आर्थिक वृद्धि दर के आंकड़े आने के पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसक्स 13.71 अंक यानी 0.02 प्रतिशत गिरकर 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 85,969.89 के ऊपरी और 85,577.82 अंक के निचले स्तर को छुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 12.60 अंक यानी 0.05 प्रतिशत गिरकर 26,202.95 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही बाजार में दो दिनों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। दोनों मानक सूचकांक बृहस्पतिवार को कारोबार के दौरान अपने नए शिखर पर पहुंच गए थे लेकिन बाद में मुनाफावसूली हावी होने से मामूली बढ़त के ही साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, इटर्नल, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी देखने को मिली।

### नोएडा में 11 दिसंबर को एप्पल स्टोर की एंट्री

**नयी दिल्ली:** एप्पल ने भारत में अपना पांचवां स्टोर नोएडा में खोलने की शुक्रवार को जानकरी दी। कंपनी बयान के अनुसार, डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में स्थित एप्पल के नोएडा स्टोर का उद्घाटन 11 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें कहा गया, 'यह देश में एप्पल के खुदरा विस्तार में एक और उपलब्धि है जो नोएडा में ग्राहकों को एप्पल उत्पादों को जानने एवं खरीदने के नए तरीके प्रदान करता है।

### आकाश ने राइट इश्यू में बायजू को 25 करोड़ रुपये का शेयर आवंटन रोका, फेमा उल्लंघन का आरोप

**नयी दिल्ली:** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने बायजू की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (टीएलपीएल) को 25 करोड़ रुपये के राइट इश्यू में शेयर आवंटन रोक दिया है। कंपनी के मुताबिक ऐसा लगता है कि टीएलपीएल ने जमा किए 25 करोड़ रुपये फेमा नियमों, बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) दिशानिर्देशों और कंपनी कानून का उल्लंघन करके जुटाए हैं। आकाश ने कार्यशील पूंजी जरूरतों और संचालन के लिए 100 करोड़ रुपये का राइट इश्यू निकाला था। कंपनी ने बयान में कहा कि बोर्ड ने मणिपाल समूह और बीयर इन्वेस्टको प्राइवेट लिमिटेड को क्रमशः 58 करोड़ और 16 करोड़ रुपये के शेयर आवंटित कर दिए। इन दोनों निवेशकों ने अपनी हिस्सेदारी (58.8 प्रतिशत और 16 प्रतिशत) के अनुपात में पैसा लगाया। टीएलपीएल आकाश में करीब 25.7 प्रतिशत हिस्सा रखती है और उसका आवंटन बेंगलुरु एनसीएलटी के फैसले तक रोक दिया गया है।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने 40वें स्थापना दिवस पर शेयरों के महत्वपूर्ण स्टॉक विभाजन की घोषणा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने अपने 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा की है। बैंक के निदेशक मंडल ने बैठक में नियामकीय और वैधानिक अनुमोदनों के अधीन, इक्विटी शेयरों के स्टॉक विभाजन को मंजूरी दे दी। इस कदम के तहत बैंक के 5 अंकित मूल्य वाले एक इक्विटी शेयर को 1 अंकित मूल्य वाले पांच पूर्णतः चुकता शेयरों में विभाजित किया जाएगा। बैंक का मानना है कि स्टॉक विभाजन से शेयर अधिक किफायती होंगे और बाजार में तरलता बढ़ेगी, जिससे खुदरा निवेशकों की भागीदारी में वृद्धि की उम्मीद है। बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष सी.एस. राजन ने इसे चार दशकों की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि यह निर्णय शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य निर्माण को मजबूत करेगा। प्रबंध निदेशक और सीईओ अशोक वासवानी ने कहा कि स्टॉक विभाजन समावेशिता को बढ़ावा देगा और अधिक निवेशकों को बैंक की विकास यात्रा से जोड़ने में मदद करेगा। सभी आवश्यक अनुमोदन मिलने के बाद प्रक्रिया दो महीने में पूरी होने की उम्मीद है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3424 अंक 234, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in